नई सोच, नया आयाम

RNI No. CHHHIN/2009/35020

# जोहार छत्तीसगढ़

दैनिक हिन्दी

◆ वर्ष: -14 ◆ अंक: 243 डाक पंजीयन 030/रायगढ़/2015-2017 ◆ मूल्य: 3 ₹ ◆ पृष्ठ : 8 ( 4+4 )

धरमजयगढ़, मंगलवार 12 जुलाई 2022

JOHAR CHHATTISGARH epaper for login www.joharchhattisgarh.in



पेज -3 पर

एलआईसी अभिकर्ता स्व.प्रद्युम्न कश्यप स्मृति में खिलाड़ियों ...



जवाहर नवोदय विद्यालय में निर्मल निकेतन स्कूल की छात्रा....

पेज -8 पर

## एक नजर

### राज्य आपदा मोचन निधि की कार्यपालिक समिति की बैठक संपन्न



**रायपुर।** मुख्य सचिव अमिताभ जैन की अध्यक्षता में आज यहां मंत्रालय महानदी भवन में राज्य आपदा मोचन निधि के संचालन हेतु गठित कार्यपालिक समिति की बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में राजस्व एवं आपदा प्रबंधन विभाग के विभिन्न प्रस्तावों पर चर्चा के उपरांत स्वीकृति प्रदान की गई। मुख्य सचिव ने राजस्व विभाग के अधिकारियों को राज्य आपदा न्यूनीकरण निधि से पुल-पुलिया एवं स्टापडेम निर्माण हेतु प्रस्ताव के संबंध में जल संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, ग्रामीण यांत्रिकी और वन विभाग के अधिकारियों की संयुक्त बैठक कर आवश्यक परीक्षण के उपरांत कार्यों को प्रस्तावित करने के निर्देश दिए।

बैठक में आरबीसी 6-4 के तहत विभिन्न प्राकृतिक आपदाओं से पीड़ित लोगों को आर्थिक अनुदान सहायता हेतु 181 करोड़ 20 लाख रूपए, गरियाबंद जिले को बेमौसम बरसात एवं ओलावृष्टि से फसल क्षति हेतु तीन करोड़ 49 लाख 48 हजार रूपए और बालोद जिले को 13 करोड़ 29 लाख के कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गई। इसी तरह से कोविड-19 से मृत व्यक्तियों के आश्रितों को आर्थिक अनुदान सहायता हेतु 11 करोड़ 93 लाख रूपए की कार्योत्तर स्वीकृति प्रदान की गई।

## रेणुका सिंह ने सीएम से मांगा मुर्मू के लिए समर्थन:भूपेश बघेल और मोहन मरकाम को लिखा पत्र

रायपुर। राष्ट्रपति चुनाव में भाजपा ने आदिवासी समाज का दांव चल दिया है। केंद्रीय जनजातीय कार्य राज्य मंत्री रेणुका सिंह ने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल और कांग्रेस नेताओं से भाजपा उम्मीदवार द्रोपदी मुर्मू के लिए समर्थन मांगा है।

रेणुका सिंह ने इसके लिए मुख्यमंत्री भूपेश बघेल, कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष मोहन मरकाम और महिला कांग्रेस की अध्यक्ष और सांसद फूलोदेवी नेताम को पत्र लिखा है। मुख्यमंत्री को भेजे पत्र में केंद्रीय राज्य मंत्री ने लिखा है, आजादी के 75 साल पूरा होने पर हम आजादी का अमृत महोत्सव मना रहे हैं। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने जनजातीय महिला द्रोपदी मुर्मू को देश के सर्वोच्च



पद राष्ट्रपति के लिए उम्मीदवार घोषित किया है। छत्तीसगढ़ की लगभग 30त्न जनजातीय समुदाय की आबादी द्रोपदी मुर्म के राष्ट्रपति उम्मीदवार बनने से हर्षित है। रेणुका सिंह ने केवल इस आधार पर मुख्यमंत्री से अपील की है कि उनकी सरकार द्रोपदी मुर्मू के पक्ष में मतदान करे। ऐसा ही पत्र मोहन मरकाम भी लिखा गया है। फूलोदेवी नेताम को लिखे पत्र में कहा गया है, वे कांग्रेस सरकार से जनजातीय समुदाय की महिला राष्ट्रपति उम्मीदवार द्रोपदी मुर्मू के पक्ष में मतदान कराने के लिए आवश्यक पहल करें।

### 15 जुलाई को रायपुर आ रही हैं मुर्मू

भाजपा की ओर से राष्ट्रपति पद की उम्मीदवार द्रोपदी मुर्मू 15 जुलाई को रायपुर आ रही हैं। भाजपा ने उनके भव्य स्वागत की तैयारी की है। रायपुर हवाई अड्?डे पर पार्टी के सभी प्रमुख पदाधिकारी और हजारों कार्यकर्ता उनके स्वागत में मौजूद रहेंगे। वहां से उनको वीआईपी रोड स्थित एक होटल लाया जाएगा। यहां भाजपा विधायक दल के साथ उनकी बैठक है। इसमें जनता कांग्रेस छत्तीसगढ़ और बहुजन समाज पार्टी के विधायकों को भी बुलाने की बात की जा रही है। आदिवासी समाज से राष्ट्रपति पद का दावेदार देने के बाद अवसर को पूरी तरह भुनाना चाहती है। इसके लिए प्रदेश पदाधिकारियों की बैठक में बड़ी रणनीति तैयार हुई है। भाजपा की स्थानीय इकाईयां गांव-गांव से आदिवासी समुदाय की ओर से आभार पत्र लिखवाने की कोशिश में हैं। इसे भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को भेजा जाना है।

### छत्तीसगढ़ में भारी बारिश की चेतावनी

## बीजापुर-नारायणपुर जिलों में बाढ़ का खतरा बढ़ा, सुकमा, दंतेवाड़ा, कोंडागांव, बस्तर, महासमुंद के लिए भी अलर्ट

रायपुर। छत्तीसगढ़ में एक्सट्रीमली हैवी बरसात का रेड अलर्ट जारी हुआ है। यह अलर्ट बस्तर संभाग के बीजापुर और नारायणपुर जिलों के लिए है। इसके साथ ही पिछले एक सप्ताह से भारी बरसात से जूझ रहे बीजापुर जिले में बाढ़ का खतरा बढ़ गया है।



बस्तर संभाग के ही सुकमा, दंतेवाड़ा, कोण्डागांव, बस्तर और रायपुर संभाग के महासमुंद में भी भारी से अति भारी बरसात का आरेंज अलर्ट है।

मौसम विभाग की ओर से सोमवार शाम नई चेतावनी जारी की गई। इसके मुताबिक अगले 24 घंटों में बीजापुर और नारायणपुर जिलों में एक-दो स्थानों पर गरज-चमक के साथ अति भारी से चरम भारी (E&treme Heavy) बरसात की संभावना है। इन स्थानों पर वज्रपात की भी संभावना जताई जा रही है। इस रेड अलर्ट के जरिए मौसम विभाग ने राहत आयुक्त को अति सतर्कता बरतने और आवश्यक कार्रवाई की सिफारिश की है।

वहीं सुकमा, दंतेवाड़ा, कोण्डागांव, बस्तर और महासमुंद जिलों में आरेंज अलर्ट के जरिए एक-दो स्थानों पर भारी से अति भारी बरसात की संभावना जताई गई है। रायपुर, बलौदा बाजार, गरियाबंद, धमतरी, राजनांदगांव और कांकेर जिलों में गरज-चमक के साथ भारी वर्षा और व्रजपात की संभावना जताई जा रही है। इन जिलों के लिए मौसम विभाग ने येलो अलर्ट जारी किया है।

### बीजापुर जिले में दोगुना पानी बरस चुका

बस्तर संभाग का बीजापुर जिला बाढ़ की चपेट में आ चुका है। वहां सामान्य से दो गुना पानी बरस चुका है। सामान्य तौर पर एक जून से 11 जुलाई तक बीजापुर में 338.2 मिमी औसत बरसात होती है। इस बार 704.4 मिमी बरसात अब तक हो चुकी है। यह सामान्य से 108त्न अधिक है। सोमवार को ही बीजापुर के चारो केंद्रों पर भारी बरसात दर्ज हुई है। कांकेर के पखांजुर, भानुप्रतापपुर और बस्तर के तोकपाल में भी भारी बरसात दर्ज हुई है।

### इस मौसमी तंत्र की वजह से भारी बरसात का योग

मौसम विज्ञानियों के मुताबिक एक निम्न दाब का क्षेत्र उत्तर-पश्चिम बंगाल की खाड़ी में ओडिशा के ऊपर स्थित है। इसके साथ ऊपरी हवा का चक्रीय चक्रवाती घेरा 7.6 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है। मानसून द्रोणिका जैसलमेर, कोटा, गुना, जबलपुर, पेंड्रा रोड, बलांगीर, निम्न दाब का केंद्र होते हुए दक्षिण-पूर्व की ओर पूर्व-मध्य बंगाल की खाड़ी तक 1.5 किलोमीटर ऊंचाई तक विस्तारित है।

### प्रदेश में अब तक 293 मिमी पानी बरस चुका

छत्तीसगढ़ में एक जून से 11 जुलाई तक सामान्य औसत बरसात 320.6 मिलीमीटर है। 11 जुलाई तक प्रदेश में 293.4 मिलीमीटर पानी बरस चुका है। इसका मतलब है कि अब बरसात में सामान्य से केवल 8त्न ही कमी रह गई है। बीजापुर में सामान्य से बहुत अधिक पानी बरसा है। तीन जिलों जांजगीर-चांपा, कबीरधाम और मुंगेली में सामान्य से अधिक बरसात है।



## भाजपा का चेहरा कमल तथा नेतृत्व मोदी का - नितिन नवीन




**भिलाई।** छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा कार्यसमिति बैठक के अवसर पर आये भाजपा प्रदेश सहप्रभारी नितिन नवीन ने मीडिया को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ विधानसभा चुनाव में भाजपा का चेहरा कमल तथा नेतृत्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का होगा। उन्होंने कहा कि कांग्रेस पार्टी के प्रवक्ता घड़ियाली आंसू बहा रहे हैं। प्रदेश में हुए निर्भया कांड में एक भी बयान कांग्रेस पार्टी का नहीं आना दुर्भाग्य जनक है। आतंकवादी हाफिज सईद की पसंदीदा पार्टी कांग्रेस है। वर्ष 2023 का चुनाव सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास के साथ लड़ा जाएगा। भाजपा की ओर से चेहरा पार्टी का चिन्ह कमल होगा और देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चुनाव लड़ा जाएगा। भाजपा के सह प्रभारी नितिन नवीन ने आज प्रदेश कार्यसमिति की बैठक के पश्चात पत्रकार वार्ता के दौरान कहा कि आजादी के अमृत महोत्सव के तहत भारतीय जनता पार्टी का प्रत्येक कार्यकर्ता सामाजिक कार्यकर्ता बनकर राष्ट्र भावनाओं को ध्यान में रखते हुए समूचे छत्तीसगढ़ के नागरिकों के साथ मिलकर कार्यक्रम आयोजित करेगा। राष्ट्रपति उम्मीदवार के लिए समर्थन मांगते हुए उन्होंने कहा कि पहली बार देश में आदिवासी महिला को राष्ट्रपति पद के लिए उम्मीदवार बनाया गया है। जिसके कारण एनडीए से बाहर भी समर्थन प्राप्त हो रहा है। उन्होंने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से भी आग्रह किया कि प्रदेश में अनुसूचित जनजाति की आबादी 32 फीसदी है। इसलिए आदिवासी महिला उम्मीदवार होने के कारण समाज एवं राज्य को भी प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है।

## सप्लीमेंट्री का पेपर दिलाकर निकल रहे छात्र को स्टूडेंट्स ने घेरा, सवाल पूछा- जवाब नहीं देने पर लात-घूसों से मारा, मौत

रायपुर। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के एक स्कूल में 10वीं के छात्र की हत्या कर दी गई। वारदात को स्टूडेंट्स के ही एक ग्रुप ने अंजाम दिया है। पुलिस ने एक नाबालिग को हिरासत में लिया है।




घटना में शामिल कुछ और स्टूडेंट्स फरार है, जिसकी तलाश की जा रही है। हत्या की यह वारदात सोमवार की दोपहर खमतराई इलाके के सरकारी स्कूल में हुआ है। छात्र पूरक (सप्लीमेंट्री) की परीक्षा देकर बाहर निकल रहा था। कक्षा 11वीं के कुछ स्टूडेंट्स ने इंग्लिश में उससे पूछा और जवाब नहीं देने पर मारपीट शुरू कर दी। छात्र सड़क पर गिर गया और लात-घूंसे से मारने की वजह से उसकी मौत हो गई। रायपुर एएसपी तारकेश्वर पटेल ने बताया कि खमतराई थाना क्षेत्र के काशीराम शर्मा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में कक्षा 10वीं की पूरक परीक्षा देने आए खमतराई निवासी छात्र मोहन सिंह राजपूत की मौत हुई है। उसी स्कूल में कक्षा 11वीं में पढ़ने वाले छात्र ने इंग्लिस में पूछा कि कौन से स्कूल में पढ़ते हो। जवाब नहीं देने पर दूसरे गुट के युवकों ने मोहन से मारपीट शुरू कर दी। उसे मारते हुए स्कूल के बाहर ले आए। मारपीट से छात्र बेहोश हो गया। लात-घूसों से मारने की वजह से छात्र को गंभीर चोटें आई। उसे मेकाहारा अस्पताल भेजा गया, जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया।

## हैवानियत की हद पार पशुगमन करते पकड़ा गया दरिंदा

**रायपुर ।** राजधानी के खमतराई इलाके में हुई एक वारदात ने हैवानियत की हद पार कर दी। मिली जानकारी के अनुसार एक कुकर्मी के द्वारा पशुगमन के बाद प्रत्यक्षदर्शी लोगों ने उसे पकड़ा और पुलिस को सौंप दिया।

खमतराई में हुई इस घटना ने झकझोर कर रख दिया है। यह घटना शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात 10 जुलाई की बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि खमतराई थाना क्षेत्र अंतर्गत एक बस्ती में काम चल रहा था, इस दौरान रात करीब सवा तीन बजे सतनाम चौक के पास दुकलहा साहु के मकान के बगल में एक मूक पशु के पैर को बांधकर दुष्कर्म करते हुये एक व्यक्ति पाया गया।

कवर्धा में गाय चराने और गोठान को लेकर दो पक्षों में खूनी संघर्ष

## लाठी-डंडे और सब्बल से हमला, 14 लोग घायल

रायपुर। छत्तीसगढ़ के कवर्धा जिले में दो पक्षों के बीच खूनी संघर्ष हो गया। दोनों पक्ष ने एक-दूसरे पर लाठी-डंडे, बांस और सब्बल से हमला कर दिया।



हमले में 14 लोग घायल हुए हैं, जिसमें कुछ लोगों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। दोनों पक्ष के लोगों ने एक-दूसरे को गांव की गलियों और सड़क में दौड़ा-दौड़ा कर पीटा। पुलिस ने घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया है। गांव में तनाव की स्थिति को देखते हुए पुलिस बल तैनात कर दिया गया है। घटना पिपरिया थाना क्षेत्र की है।

पुलिस से मिली जानकारी के मुताबिक सोमवार की सुबह धरमपुरा गांव के गाय चराने और गोठान बनाने के नाम पर दो पक्षों के बीच विवाद हो गया। विवाद इतना बढ़ा की लोग अपने-अपने घरों से लाठी-डंडा, बांस और सब्बल लेकर आ गए। देखते ही देखते विवाद ने हिंसा का रूप ले लिया। एक-दूसरे पर लोग टूट पड़े। सड़क और गलियों में दौड़ा-दौड़कर एक-दूसरे पर मारपीट करते रहे। दहशत की वजह से कोई बीच-बचाव करने भी नहीं आया, लोग घरों में दुबके रहे। सूचना मिलते ही पुलिस गांव पहुंची और दोनों पक्षों को शांत कराया। एम्बुलेंस से घायलों को इलाज के लिए जिला चिकित्सालय में भर्ती कराया गया है।

### स्थिति अभी शांत, गांव में पुलिस बल तैनात

एएसपी मनीषा ठाकुर ने बताया कि प्रारंभिक पूछताछ में गाय चराने और गोठान को लेकर दो परिवारों के बीच विवाद का पता चला है। दोनों परिवारों के बीच पहले भी विवाद की बातें सामने आई है। एक पक्ष से 6 और दूसरे पक्ष से 8 लोग घायल हैं। गांव में स्थिति अभी शांत है फिर भी अप्रिय स्थिति न बने इसलिए पुलिस बल की तैनाती की गई है।

### आभार... बैगा समाज के प्रतिनिधि मंडल ने पेसा कानून के अनुमोदन के लिए जताया आभार'

## पेशा कानून से आदिवासी समाज में आत्मनिर्भरता और स्वालंबन की भावना आएगी: मुख्यमंत्री

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से उनके निवास कार्यालय में सर्व आदिवासी समाज और बैगा समाज के प्रतिनिधियों ने मुलाकात कर छत्तीसगढ़ जनजाति सलाहकार परिषद में पेसा क़ानून के अनुमोदन पर उनके प्रति आभार जताया है। इस मौके प्रतिनिधियों ने मुख्यमंत्री का गुलदस्ता भेंटकर स्वागत किया।

मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल ने कहा कि पेशा कानून के नियम बन जाने से अब इसका क्रियान्वयन सरल हो जाएगा। इससे आदिवासी समाज के लोगों में आत्मनिर्भरता और स्वावलबन की भावना आएगी। उन्होंने कहा कि पेसा कानून लागू होने से ग्राम सभा का अधिकार बढ़ेगा। ग्राम सभा के 50 प्रतिशत सदस्य आदिवासी समुदाय के होंगे। इस 50 प्रतिशत में एक चौथाई महिला सदस्य होंगे।



जोहार छत्तीसगढ़ विशेष खबर

ग्राम सभा का अध्यक्ष आदिवासी ही होगा। महिला और पुरुष अध्यक्षों को एक-एक साल के अंतराल में नेतृत्व का मौका मिलेगा। गांव के विकास में निर्णय लेने और आपसी विवादों के निपटारे का अधिकार भी होगा। मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज के प्रतिनिधियों से कहा कि छत्तीसगढ़ के जनजातीय समुदाय के लोग जो किसी कारण से अन्य राज्यों में चले गए हैं। उन्हें वापस छत्तीसगढ़ में लाने में भी अपना योगदान दें। उन्हें भी राज्य सरकार की योजना के तहत पात्रता अनुसार लाभ दिया जाएगा।



## मुख्यमंत्री से छत्तीसगढ़ सिविल सर्विसेस महिला हॉकी टीम के सदस्यों ने की सौजन्य मुलाकात



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से उनके निवास कार्यालय में छत्तीसगढ़ सिविल सर्विसेस महिला हॉकी टीम के सदस्यों ने सौजन्य मुलाकात की। मध्यप्रदेश के भोपाल शहर में आयोजित अखिल भारतीय सिविल सर्विसेस महिला हॉकी टूर्नामेंट 2021-22 मे छत्तीसगढ़ की महिला हॉकी टीम ने उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए

### राष्ट्रीय स्तर पर तृतीय स्थान हासिल करने पर मुख्यमंत्री ने टीम को दी बधाई

तीसरा स्थान प्राप्त किया है। टीम की कप्तान डॉ. अंजुम रहमान और मैनेजर श्रीमती अंजली बहार सहित अन्य खिलाड़ियों ने मुख्यमंत्री श्री भूपेश बघेल को टीम की महिला खिलाड़ियों के प्रदर्शन की जानकारी दी। मुख्यमंत्री ने उनकी उपलब्धि पर शुभकामनाएं देते हुए निरंतर अभ्यास के लिए प्रेरित किया। टीम के अन्य खिलाड़ियों कुमारी चेतना ध्रुव, भावना गुप्ता, मोनिका बैरागड़े, हर्षा साहू, श्वेता शिंदे, सविता चंद्राकर, रीठा साहू, संजू साहू, चंद्रावती, यामिनीश उपस्थित थीं।

# 2023 का शिखर सम्मेलन जम्मू-कश्मीर में, चीन-पाकिस्तान की बौखलाहट बढ़ी

दुनिया की 20 बड़ी अर्थव्यवस्था वाले देशों के संगठन जी-20 का 2023 का शिखर सम्मेलन जम्मू-कश्मीर में करने की तैयारी को देखते हुए पाकिस्तान और चीन बौखला उठा है। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की सरकार ने बीते 23 जून को शिखर सम्मेलन के आयोजन को लेकर पांच सदस्यीय समिति का गठन किया है। पाकिस्तान और चीन का कहना है कि जम्मू-कश्मीर एक विवादित क्षेत्र है।

इसलिए भारत को वहां जी-20 जैसा अंतरराष्ट्रीय आयोजन करने का अधिकार नहीं है। चूंकि इन दोनों देशों का नजरिया भारत के प्रति शत्रुतापूर्ण रहा है, इसलिए ऐसी प्रतिक्रियाएं नई नहीं हैं। नई बात यह है कि इस बार भारत सरकार का रुख रक्षात्मक नहीं, बल्कि आक्रामक है। इस बार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने दलाई लामा को, जिन्हें चीन अपना शत्रु मानता है, जन्मदिन पर फोन करके बधाई दी। जाहिर है, प्रधानमंत्री के इस रुख से चीन चिढ़ गया और उसने तुरंत प्रतिक्रिया दी कि भारत को दलाई लामा के चीन-विरोधी अलगाववादी स्वभाव को पहचानना चाहिए।

अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत का रुतबा बढ़ता ही जा रहा है। जी-20 जैसे आर्थिक रूप से विकसित देशों के संगठन की अध्यक्षता दिसंबर, 2022 से भारत संभालने



*अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत का रुतबा बढ़ता ही जा रहा है। जी-20 जैसे आर्थिक रूप से विकसित देशों के संगठन की अध्यक्षता दिसंबर, 2022 से भारत संभालने जा रहा है!*

जा रहा है! चीन की बौखलाहट इसलिए भी है कि वह अभी तक भारत को कमजोर पड़ोसी मानता था, जिसकी 38 हजार वर्ग किलोमीटर भूमि पर आक्साइ चिन क्षेत्र में उसने कब्जा किया हुआ है! वर्ष 2017 में वह भारत के सिलीगुड़ी गलियारे पर कब्जा करने के सपने देख रहा था, ताकि हमारे उत्तर पूर्वी राज्यों को देश की मुख्य भूमि से काटकर उन पर तिब्बत की तरह कब्जा कर सके! परंतु भारत ने उसके इरादों और सपनों पर पानी फेर दिया है! वह अरुणाचल प्रदेश और पूर्वी लद्दाख के क्षेत्रों पर भी दावा करता है और समय-समय पर घुसपैठ एवं झड़प को अंजाम देता है।

सिलीगुड़ी गलियारे पर कब्जा करने की उसकी चाल को विफल कर भारतीय सेना ने उसे करारा जवाब दिया है। वर्ष 2019 में मोदी सरकार ने अनुच्छेद 370 को निरस्त कर दिया, जिससे पूरी दुनिया में यह संदेश गया कि जम्मू-कश्मीर भारत का अभिन्न हिस्सा है, और विवादित क्षेत्र केवल वह है, जिन पर पाकिस्तान और चीन का अवैध कब्जा है! पाकिस्तान की आर्थिक स्थिति काफी बदहाल है। ऐसे में भारत के साथ वह एक दिन भी युद्ध करने की स्थिति में नहीं है। उसे चीन पर भरोसा है। इसी कारण चीन ने 2019 में भारत द्वारा जम्मू-कश्मीर में सांविधानिक सुधारों के लागू होने के तुरंत बाद पाकिस्तान की शह पर पूर्वी लद्दाख के गलवान क्षेत्र में अचानक हमला कर दिया, जिसका भारत ने करारा जवाब दिया और उसे पीछे हटने के लिए मजबूर कर दिया। चीन अपने पड़ोस में आक्रामक विस्तारवाद को अंजाम देता आया है, और अब वह आर्थिक विस्तारवाद की नीति को अपना रहा है। आर्थिक सहायता और ऋण के नाम पर वह छोटे-छोटे देशों में प्रवेश करता है तथा धीरे-धीरे उनकी अर्थव्यवस्था पर कब्जा कर लेता है! इसका ताजा उदाहरण है श्रीलंका और हिंद महासागर व अफ्रीका स्थित देश! पाकिस्तान भी चीन के इस कर्ज जाल में फंस चुका है, जिसका वहां विरोध भी हो रहा है। भारत ने वास्तविक नियंत्रण रेखा पर आधारभूत ढांचे का निर्माण करने के अलावा सीमा पर पर्याप्त सैनिकों व लड़ाकू विमानों की तैनाती की है, जिनका प्रदर्शन दोकलाम और लद्दाख की गलवान घाटी में दुनिया ने देखा है।

भारत की सैन्य शक्ति में आधुनिक मिसाइलों और लड़ाकू विमानों के आ जाने से चीन अच्छी तरह से समझ गया है कि इस क्षेत्र में उसने सैनिक संघर्ष शुरू किया, तो भारत उसकी सी पैक या बेल्ट ऐंड रोड इनीशिएटिव के लिए तैयार आधारभूत ढांचे को अपनी मिसाइलों से बर्बाद कर देगा! उसे समझ में आ गया है कि भारत अब 1962 वाला भारत नहीं रहा, बल्कि शक्तिशाली देश बन गया है। वस्तुतः भारत ने वह कहावत सिद्ध कर दी है कि युद्ध की तैयारी से ही शांति की गारंटी हो सकती है!

शिवदान सिंह

## संपादकीय

### न्यायमूर्तियों की पीड़ा

अब चूंकि ऐसे मामलों पर जज सार्वजनिक टिप्पणियां कर रहे हैं, तो समझा जाता है कि बाहर से होने वाली आलोचना उन्हें अंदर तक परेशान कर रही है। प्रधान न्यायाधीश जस्टिस एनवी रमना ने अमेरिका में भारतीय मूल के लोगों को संबोधित करते हुए इस बात पर असंतोष जताया कि भारत में सरकार अपने हर कार्य पर न्यायपालिका की मुहर लगवाना चाहती है, जबकि विपक्ष चाहता है कि कोर्ट उसके एजेंडे के मुताबिक चले। जस्टिस रमना को यह याद दिलाने की जरूरत पड़ी की न्यायपालिका सिर्फ संविधान के प्रति जवाबदेह है। उसके बाद सुप्रीम कोर्ट के ही न्यायाधीश जस्टिस जेबी पारडीवाला ने एक भाषण में कहा कि जजों की उनके फैसलों के कारण निजी आलोचना से एक खतरनाक स्थिति बन रही है, जिसमें जज फैसला देने से पहले सोचेंगे कि मीडिया क्या कहेगा, बजाय इसके कि कानून क्या कहता है। उन्होंने सोशल मीडिया पर होने वाली आलोचना को रोकने के उपाय करने की सलाह भी सरकार को दी है। जस्टिस पारडीवाला उन दो जजों में हैं, जिन्होंने पिछले हफ्ते भाजपा की पूर्व प्रवक्ता नुपूर शर्मा के खिलाफ कड़ी टिप्पणियां की थीं। उन टिप्पणियों के बाद से सोशल मीडिया पर सत्ताधारी दल के समर्थकों की तरफ से विषैला अभियान चलाया गया है। उसके पहले जकिया जाफरी मामले में फैसला सुनाते हुए सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने जो टिप्पणियां कीं, उनसे उसे लिबरल खेमे की आलोचना का निशाना बनना पड़ा। अब चूंकि ऐसे मामलों पर जज सार्वजनिक टिप्पणियां कर रहे हैं, तो समझा जाता है कि बाहर से होने वाली आलोचना उन्हें अंदर तक परेशान कर रही है।

# आर्थिक तबाही से सियासी संकट तक

कोलंबो के द डेली मिरर द्वारा शनिवार सुबह खींची गई तस्वीरों में टोपी पहने और पिट्ठू बैग लादे युवा छात्रों एवं राजनीतिक कार्यकर्ताओं को देश के राष्ट्रपति एवं प्रधानमंत्री आवासों पर तब तक हमला करते हुए देखा गया, जब तक कि वे जनता के गुस्से से बचने के लिए सुरक्षा कवर के साथ सुरक्षित, अज्ञात स्थान पर भाग नहीं गए।

लेकिन आक्रोशपूर्ण प्रदर्शन और आग लगाने के बावजूद प्रदर्शनकारी लड़के और लड़कियां न तो देश विरोधी क्रांतिकारी लग रहे और न ही भाड़े के विदेशी सैनिक। वे श्रीलंका का राष्ट्रीय ध्वज थामे हुए हैं। कई महीनों के आर्थिक संकट के चलते श्रीलंका की बदहाली चरम पर पहुंच गई, जब दैनिक जरूरत की आवश्यक चीजें या तो अनुपलब्ध हो गईं या उनकी कीमत इतनी ज्यादा हो गई, कि लोगों की पहुंच में नहीं रहीं।

कई महीनों से गूंज रहे नारों- 'गो गोता गो' का, जिसमें मांग की जा रही थी कि राष्ट्रपति गोतबाया इस्तीफा दे दें, कोई असर नहीं हुआ। वर्ष 2009 में मानवाधिकार उल्लंघन के आरोपों के बीच हजारों अल्पसंख्यक तमिलों की हत्या के लिए जिम्मेदार गोतबाया ने अभी प्रदर्शन कर रहे लोगों की मांग पर ध्यान नहीं दिया। वह राजपक्षे



श्रीलंका के मामले में राजपक्षे बंधुओं ने यह नहीं सोचा था कि उनका पारिवारिक शासन और आर्थिक कुप्रबंधन व्यापक जनादेश को व्यापक विरोध प्रदर्शन में तब्दील कर देगा।

परिवार को बचाने में व्यस्त थे। जब संकट शुरू हुआ, तो कम से कम चार अन्य राजपक्षे और कुछ अन्य करीबी रिश्तेदार प्रधानमंत्री महिंदा राजपक्षे के नेतृत्व वाली सरकार में थे। राजपक्षे पिछले चुनाव में मिले भारी जनादेश के प्रति आश्वस्त थे। वास्तव में श्रीलंका ही नहीं, बल्कि पूरे दक्षिण एशिया ने ऐसे जनादेशों को अभिशाप बनते देखा है और जिसने मतदाताओं को नाराज किया है। व्यापक जनादेश पाने वाले नेता पार्टी कार्यकर्ताओं, उदार नौकरशाही, सहायक न्यायपालिका और पालतू मीडिया के समर्थन से इसका दुरुपयोग करते हैं।

श्रीलंका के मामले में राजपक्षे बंधुओं ने यह नहीं सोचा था कि उनका पारिवारिक शासन और आर्थिक कुप्रबंधन व्यापक जनादेश को व्यापक विरोध प्रदर्शन में तब्दील कर देगा। हर जगह ऐसे जनादेश अक्सर बहुसंख्यकवादी राजनीतिक एजेंडे पर आधारित होते हैं। केवल राजपक्षे ही नहीं, स्वतंत्रता के बाद से श्रीलंका पर शासन करने वाले अधिकांश पारिवारिक कुलीन वर्गों ने बहुसंख्यकवादी एजेंडे को आगे बढ़ाया है। बहुसंख्यक 70 प्रतिशत सिंहलियों के लिए, उन्होंने 17 प्रतिशत तमिलों और नौ प्रतिशत मुसलमानों के साथ भेदभाव किया है। चाहे कोई माने या नहीं, धर्म ने अपनी भूमिका निभाई है, क्योंकि सिंहली बौद्ध हैं। इससे इनकार नहीं किया जा सकता कि अन्य देशों की तरह, कोविड महामारी ने श्रीलंका की अर्थव्यवस्था को बर्बाद करने में भूमिका निभाई है। श्रीलंका एक छोटी अर्थव्यवस्था है, जिसका प्रबंधन इसके कमजोर संस्थानों द्वारा होता है। राजपक्षे ने फालतू खर्च और बड़ी परियोजनाओं में कटौती नहीं की। यहां तक कि उसकी अर्थव्यवस्था की रीढ़ (चाय, पर्यटन एवं वस्त्र उद्योग) भी महामारी के कारण टूट गई। गलत समय पर कृषि क्षेत्र में सुधारों को लागू किया गया, और उर्वरक आयात में कटौती की गई थी। राजपक्षे परिवार इनमें से सभी नहीं, तो बदहाली के अनेक कारणों के लिए जिम्मेदार था। और व्यापक जनादेश को पारिवारिक शासन में बदलने पर यह एक और दुखद टिप्पणी है।

महेंद्र वेद

## मिला जुला

# सीईओ ने गम्हरिया एवं बालाछापर गौठान का किया निरीक्षण

गौठान में समूह की महिलाओं द्वारा की जा रही गतिविधियों की ली जानकारी

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के निर्देशन में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत जितेन्द्र यादव ने जशपुर जनपद के गम्हरिया, बालाछापर गौठान का निरीक्षण किया। उन्होंने गौठानों में नियमित रूप से गोबर खरीदी करने एवं खाद निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। इस अवसर पर मुख्य कार्यपालन अधिकारी प्रेम सिंह मरकाम, समूह की महिलाएं अन्य अधिकारी.कर्मचारी एवं ग्रामीणजन उपस्थित थे। सीईओ यादव ने गम्हरिया गौठान में महिला समूह द्वारा की जा रही दोना पत्तल निर्माण, एलईडी निर्माण, जैविक खाद उत्पादन सहित अन्य गतिविधियों का अवलोकन करते हुए महिला समूह की आय बढ़ाने के लिए आवश्यक दिशा.निर्देश दिए। उन्होंने गौठान में गोबर क्रय एवं खाद निर्माण स्थिति की जानकारी लेते हुए गोबर खरीदी में वृद्धि करने के साथ ही खाद निर्माण में





## महिलाओं को अच्छे से कार्य करने हेतु किया प्रोत्साहित

तेजी लाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि गौठान में नियमित रूप से पशुपालकों एवं किसानों द्वारा गोबर विक्रय किया जाना चाहिए। इस हेतु व्यापक प्रचार-प्रसार के साथ ही ग्रामीणों को प्रोत्साहित किया जाए। साथ ही चरवाहा द्वारा गौठान में ग्रामीणों के मवेशियों को नियमित रूप से चराई के लिए लाया जाए। जिससे मवेशी यहां वहां न भटके। उन्होंने गौठान में फलदार एवं छायादार पौधरोपण करने के लिए कहा। इसके लिए पूरी तैयारी रखने के निर्देश दिए गए। इस दौरान उन्होंने सरस्वती स्व.सहायता समूह की महिलाओं से चर्चा कर एलईडी बल्ब निर्माण विस्तार से जानकारी लेते हुए बीपीएम, एनआरएलएम को निर्देशित किया कि एलईडी बल्ब का अधिक से अधिक से प्रचार प्रसार किया जाए।

जिससे समूह की महिलाओं को अधिक लाभ हो सके। उन्होंने निरीक्षण दौरान दोना पत्तल निर्माण करने वाली महिला समूह से भी निर्माण एवं विक्रय के संबंध में जानकारी ली। महिलाओं ने बताया कि जिले में दोना पत्तल हेतु अधिक मांग है। सीईओ जिला पंचायत ने कहा कि महिलाओं को और अधिक आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित कराएं जिससे वे अधिक मात्रा में दोना पत्तल का निर्माण कर सके और उन्हें अधिक लाभ प्राप्त हो सके। इसी प्रकार उन्होंने बालाछापर गौठान का भी निरीक्षण कर वहां समूह की महिलाओं द्वारा किए जा रहे गतिविधियों की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने खुशी स्व.सहायता समूह द्वारा किए जा रहे तेल पेराई के कार्यों का अवलोकन कर तेल विक्रय की जानकारी ली। समूह की महिलाओं ने बताया कि अब तक उनके द्वारा 47 हजार से अधिक का तेल विक्रय किया गया है। गौठान में वर्मी कम्पोस्ट खाद निर्माण की भी जानकारी लेते हुए जैविक खाद निर्माण में तेजी लाने के निर्देश दिए। सीईओ यादव ने समूह की महिलाओं को अच्छे से कार्य करने हेतु प्रोत्साहित किया। उन्होंने कहा कि समूह को इसका और अधिक लाभ प्रदान करने हेतु प्रचार-प्रसार किया जाए।

# छत्तीसगढ़ की धरती पर पर्वों की धरा मानी जाती है- किसान नेता तिवारी

मां शीतला की विधि विधान से पूजा अर्चना कर क्षेत्रवासियों के खुशहाली और रोगों से मुक्ति की कामना की

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

विधानसभा के ग्रामीण क्षेत्रों में जुड़वास पर्व धूमधाम से मनाया गया। ग्राम डंगनिया में पर्व में शामिल होकर किसान नेता योगेश तिवारी ने क्षेत्रवासियों के सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। उल्लेखनीय है कि प्रदेश के हर गांव में मनाया जाता है। इस अवसर पर ग्रामीण मां शीतला की विधि विधान से पूजा अर्चना करते हैं। इस दौरान किसान नेता ने कहा कि यह पर्व प्रत्येक वर्ष साल के आषाढ़ माह के शुक्ल पक्ष महाप्रभु जगन्नाथ की रथ यात्रा के बाद गुप्त नवरात्रि में मनाया जाता है। छत्तीसगढ़ की धरती पर्वों की धरा मानी जाती है और यहां पर्व और त्यौहार की कमी नहीं है। इसी कड़ी में शीतला मंदिर में जुड़वास माता की पूजा का विशेष महत्व होता है। माता शीतला का मंदिर छत्तीसगढ़ के प्रत्येक गांव में होता है और इसे ग्राम की देवी के नाम से जाना जाता है। मान्यता अनुसार



मुख्य रूप से गांवों में सुख शांति और समस्त रोगों का निवारण का प्रतीक माना जाता है। ग्राम डंगनिया के ग्रामीणों ने माता की पूजा अर्चना कर रोग की मुक्ति और कोरोना महामारी के समाप्ति की कामना की।

कार्यक्रम में संजू बारले, साहू, नारायण साहू, मना चक्रधारी, तातु पाल, सालिक बारले, श्रवण यदु, बुटुंग पाल, भीखम पाल संतराम यदु, संजू चक्रधारी, पिंटू डेहरे, अर्जुन नेताम, आशीस नवरंगें डंगनिया, प्रसाद चतुर्वेदी, रामचरण यदु, ऋषि साहू, संजय चतुर्वेदी, संतोष नवरंगे, शिवा यादव, सुरेश यदु, तेजकुमार डेहरे, संजय बारले, टीकम पाल, योगेश बारले, योगेश्वर पाल, नंदलाल साहू, नकुल नेताम, मनोज पाल, मंगल साहू, लेखू बारले, कीर्तन चतुर्वेदी, जगजीवन लहरे, गोलू चतुर्वेदी, धर्मेंद्र बारले, चंद्रशेखर बारले,भोलू यदु, बचानुक पाल, संतन चतुर्वेदी, अजय मिश्रा, पियूष शर्मा, मनोज सिन्हा, हिमेंद्र साहू उपस्थित थे।

# सीईओ जिला पंचायत ने पर्यटन स्थल रानीदाह का किया निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

जिला पंचायत सीईओ जितेन्द्र यादव ने आज पर्यटन स्थल रानीदाह का अवलोकन करते हुए वहां पर्यटकों की सुविधाओं के लिए आवश्यक व्यवस्था सुनिश्चित करने की बात कही। साथ ही रानीदाह स्थल के इतिहास के संबंध में संक्षिप्त बोर्ड लगाए जाने के निर्देश दिए एवं मरम्मत योग्य स्थानों के मरम्मत कराने के लिए कहा। उन्होंने रानीदाह डेम का भी जायजा लेते हुए





डेम की समय-समय पर सफाई कराने के लिए कहा, जिससे डेम में जलभराव बना रहे। इस दौरान उन्होंने छोटा बनई डेम का भी अवलोकन किया। डेम में समूह के माध्यम से मछली पालन कराए जाने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए।

# नगर पालिका वार्ड नंबर 10 ओछिनापारा वासियों ने नगर पालिका का घेराव किया

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।

नगर पालिका रतनपुर के वार्ड नंबर 10 ओछिनापारा वासियों ने नगर पालिका का घेराव किया। बताया जा रहा है प्रधानमंत्री आवास योजना के अंतर्गत उनका आवास आ चुका है लेकिन निर्माण कार्य नहीं हो पा रहा है जिसकी वजह, निजी भूमि को बताया जा रहा है नगर पालिका रतनपुर के द्वारा वार्ड वासियों को नोटिस जारी किया गया है कि आप अपनी जमीन के दस्तावेज कार्यालय में जमा करें उसके बाद ही आप लोगों का आवास बन पाएगा। लेकिन जिस पहाड़ी के पास ओछिनापारा बस्ती की बसाहट है



वह रिकॉर्ड में निजी भूमि बताई जा रही है जिसके वजह से यह सभी हितग्राही अपनी आवास के लिए दस्तावेज पेश नहीं कर पा रहे हैं और इनका कहना है कि इनकी तीन पीढ़ी के लोग यहीं पर निवास करते आ रहे हैं और शासन से इन लोगों की मांग है कि जिस जगह पर उनकी घर स्थित है वहीं पर आवास निर्माण कराया जाए हितग्राहियों के द्वारा इतने सालों से यहां पर निवास रहने का हवाला दिया जा रहा है। वहीं पर सीएमओ मनीष वारे रतनपुर से बात की गई तो उनका कहना है कि शासन की गाइडलाइन का पालन किया जा रहा है और शासन की गाइड लाइन के अनुसार जो भी दस्तावेज जरूरी है वह मंगाए जा रहे हैं और जिनका भी दस्तावेज जमा होगा और सही पाया गया उसका आवास निर्माण किया जा रहा है। घनश्याम कमलसेन पूर्व पार्षद वार्ड नंबर 10 का कहना है कि और राज्यों में जिस जगह पर मकान है वही आवास निर्माण कर दिया जा रहा है तो छत्तीसगढ़ में ऐसा क्यों नहीं किया जा रहा है सरकार से हमारी मांग है कि जिस जगह पर हमारा घर है वही हमें आवास निर्माण करा कर दिया जाए। ज्वाला कौशिक- पूर्व मंडल अध्यक्ष अनुसूचित जाति मोर्चा का कहना है कि हमारे पूर्वज यहां तीन पीढ़ी से रहते हुए आ रहे हैं और हमारे गांव में नगर पालिका के द्वारा सभी मूलभूत सुविधाएं दी जा रही हैं तो फि र आवास निर्माण क्यों नहीं कराया जा रहा है उसी जगह पर आवास निर्माण कराने के लिए हम शासन से मांग कर रहे हैं हमारी मांगे पूरी नहीं हुई हम आगे प्रदर्शन करेंगे।

# किसान उपभोक्ता बाजार का एक दशक पुराना सपना होगा साकार

## 5 करोड़ की लागत से व्यवसायिक परिसर, संसदीय सचिव ने किया भूमिपूजन

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

पुरानी कृषि मंडी में किसान उपभोक्ता बाजार के साथ ही कृषि आदान सह व्यवसायिक परिसर का निर्माण किया जाएगा। संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर ने निर्माण कार्य के लिए भूमिपूजन किया।



साल 2010 में मंडी सदस्य रहने के दौरान संसदीय सचिव व विधायक चंद्राकर ने पुरानी कृषि मंडी परिसर में उपभोक्ता बाजार व व्यावसायिक परिसर की परिकल्पना की थी। विधायक बनने के बाद उन्होंने इसके लिए शासन-प्रशासन का ध्यान आकर्षित कराया। बाद इसके पांच करोड़ 13 लाख 17 हजार की स्वीकृति मिल सकी। सोमवार को पुरानी कृषि उपज मंडी में किसान उपभोक्ता बाजार के साथ ही कृषि आदान सह व्यवसायिक परिसर निर्माण के लिए भूमिपूजन समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि संसदीय सचिव व विधायक विनोद सेवनलाल चंद्राकर थे। अध्यक्षता कृषि उपज मंडी अध्यक्ष हीरा बंजारे ने की। विशेष अतिथि के रूप में जिला पंचायत उपाध्यक्ष लक्ष्मण पटेल, जनपद अध्यक्ष यतेंद साहू, जिला कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष रश्मि चंद्राकर, बीज अनुसंधान समिति छग के संचालक दाऊलाल चंद्राकर, सरपंच संघ के अध्यक्ष वीरेंद्र चंद्राकर, मंडी उपाध्यक्ष गोविंद साहू, सदस्य थनवार यादव, चमन सिन्हा, आलोक नायक, जब्बर चंद्राकर, जिला पंचायत सदस्य अमर चंद्राकर, सुखदेव साहू, संजय शर्मा, ब्रिजेन हीरा बंजारे, पारस चोपड़ा, ममता चंद्राकर, गजाधर निषाद मौजूद थे। पूजा अर्चना पश्चात संसदीय सचिव चंद्राकर ने किसान उपभोक्ता बाजार के साथ ही कृषि आदान सह व्यवसायिक परिसर निर्माण के लिए भूमिपूजन किया। संसदीय सचिव चंद्राकर ने कहा कि इस प्रोजेक्ट के पूरा होने के बाद किसान यहां अपनी ताजी सब्जियां व फ्ल बेच सकेंगे। किसानों को यहां पूरी सुविधा मिलेगी। किसान उपभोक्ता बाजार में आंतरिक सीमेंट कांक्रीट रोडए बाउंड्रीवाल निर्माण, दो स्थानों पर मुख्य प्रवेश द्वार, सुलभ शौचालय, कार्यालय भवन के साथ ही जल की व्यवस्था रहेगी। कृषि आदान सह व्यावसायिक परिसर में शेंडीशाप का निर्माण किया जाएगा। उन्होंने भूपेश सरकार को किसानों की सरकार बताते हुए कहा कि प्रदेश सरकार ने किसानों की खुशहाली के लिए अनेक योजनाएं बनाई है। जिससे खेती किसानी की ओर लोगों का फिर से झुकाव हो रहा है। उन्होंने कहा कि महासमुंद क्षेत्र लगातार विकास की ओर अग्रसर हो रहा है। वर्तमान स्थिति में कोडार बांध की 80 फीसदी से अधिक नहरों में लाइनिंग का काम पूरा हो गया है। सिंचाई के लिए टेल एरिया तक पानी पहुंचाने का प्रयास किया जा रहा है। स्वास्थ्यए शिक्षा व सिंचाई व्यवस्था को दुरूस्त करना उनकी पहली प्राथमिकता रही है। जिस पर खरा उतरने का हरसंभव प्रयास किया जा रहा है। शहर सहित गांवों की तस्वीर बदलने के लिए करोड़ों की स्वीकृति दिलाई गई है। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से सेवनलाल चंद्राकर,अरुण चंद्राकर, जनपद सदस्य कुणाल चंद्राकर, विक्रम महिलांग, चमन चंद्राकर, सचिन गायकवाड़, खिलावन साहूए राशि महिलांग, राधेश्याम ध्रुव मोतीराम आदि मौजूद थे।

### मंडी के नवनियुक्त पदाधिकारियों को दिलाई शपथ

***संसदीय सचिव व विधायक चंद्राकर ने कृषि उपज मंडी के नवनियुक्त पदाधिकारियों को पद व गोपनीयता की शपथ दिलाई। जिसमें अध्यक्ष हीरा बंजारे, उपाध्यक्ष गोविंद साहूए सदस्य थनवार यादव, चमन सिन्हा, आलोक नायक व जब्बर चंद्राकर शामिल हैं। शपथ के बाद संसदीय सचिव चंद्राकर ने किसान हित में काम करने की बात कहते हुए सभी पदाधिकारियों के उज्जवल भविष्य की कामना की।***

# देवभोग के मुंगझर में आकिशीय बीजली गिरने से एक की मौत आठ घायल

## खेत में रोपा के दरम्यान मजदूरो पर गिरी गाज

जोहार छत्तीसगढ़-देवभोग।

बरसात के लगते ही जहां किसान अपने खेतो पर काम पर लगे है वहां जगह-जगह से आकाशीय बीजली गिरने की खबर आ रही है बीते कल देवभोग के मुंगझर मे भी 9 मजदूर आकाशीय बीजली के चपेट मे आ गये। ये मजदूर दोपहर करीबन चार बजे खेत में रोपाई कार्य मे लगे थे तभी आकाश मे गडगडाहट के साथ बीजली चमकी और कयामत बनकर मजदूरो पर गिरी जिससे एक की मत हो गयी और आठ गम्भीर रूप से घायल हो गये है।बताया जा रहा है मुंगझर के करीब गोहेकेआ मोड पर खेत में रोपा लगा रहे थे तभी ये हादसा हुआ जब मजदूर रोपाई पूरा कर घर लौटने की तैयारी कर रहे थे।



### आठ घायल एक की मौत परिजनो में मातम

आकाशीय बीजली गिरने से नौ लोग चपेट में आने की यह पहली घटना है जिसमें 50 वर्षीय मनबोध नागेश का सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र पहुंचने के पहले मौत हो चुकी थी तो वही मीटको बाईएकांति यादव,ललीता शांडिल्य, हिरान्द्री यदु,घनाराम नागेश, पदमन नागेश,उषा बाई, हुकमति बाई घायल है।

### खबर लगते ही गांव वालों ने 108 बुलाकर अस्पताल पहुंचाया

जैसे ही गांव वालों को आकाशीय बीजली गिरने की खबर लगी कुछ ग्रामीण घटना स्थल पर पहुंचकर 108को बुलाया वही घायलों को अस्पताल पहुंचाया जिससे घसमय पर घायलो का इलाज शुरू किया जा सका और एसडीएम टीकाराम देवांगन के निर्देश पर गम्भीरों को जिला अस्पताल रेफर किया गया।

स्थानीय प्रशासन और जनप्रतिनिधियो ने जताया दुख

वही एसडीएम टीकाराम देवांगन सहित स्थानीय प्रशासन और विधायक डमरूधर पुजारी कांग्रेस ब्लाक अध्यक्ष भुपेन्द्र मांझी जनपद अध्यक्ष सुखचंद बेसरा सहित कई जनप्रतिनिधियो ने मनबोध नागेश के मौत पर गहरा दुख व्यक्त किया।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उदयपुर के लिफ्ट में फंसे व्यक्ति को दो घंटे की मशक्कत के बाद निकाला गया

जोहार छत्तीसगढ़-उदयपुर।



सोमवार को दोपहर 3 बजे करीब ग्राम केशगवा निवासी काशी यादव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के लिफ्ट का प्रयोग कर द्वितीय तल की ओर जा रहा था। तकनीकी खराबी आने की वजह से लिफ्ट बीच रास्ते में अटक गया लिफ्ट का ऊपर नीचे होना बंद हो गया। स्वास्थ्य अमला को एक व्यक्ति के लिफ्ट में फंसे होने की सूचना मिलने पर उसे निकालने काफी जद्दोजहद की गई परंतु लगभग 2 घंटे कोई सफलता नहीं मिली । घटना की जानकारी लिफ्ट में फ ंसे व्यक्ति के परिजनों ने सरगुजा कलेक्टर कुंदन कुमार को दी उन्होंने परिजनों को तत्काल उचित प्रबंध करने आश्वासन दिया। फिर मौके पर उदयपुर तहसीलदार गरिमा ठाकुर पटवारी निखिल शर्मा के साथ मौके पर पहुंचे तथा घटना जायजा लेकर लिफ्ट में फं से व्यक्ति को निकालने तक मौके पर उपस्थित रही मौके पर उदयपुर पुलिस की टीम उप निरीक्षक समरेंद्र सिंह के नेतृत्व में मौजूद रही। द्वितीय तल में पहुंचकर लिफ्ट के ब्रेकर के माध्यम से धीरे-धीरे गेट के लेबल तक लाकर लिफ्ट के लॉक को तोड़ा गया फि र मजबूती से धक्का देकर लिफ्ट के गेट को काफी मशक्कत के बाद खोला गया। लिफ्ट में फ ंसे व्यक्ति के बाहर आते ही बीएमओ एवं बीपीएम द्वारा स्वास्थ्य की जानकारी ली गयी। विदित हो कि काशी राम अपनी पत्नी सरिता यादव जोकि सर्पदंश से विगत दो दिनों से पीड़ित थी उसकी की अस्पताल से छुट्टी कराने आया हुआ था। इस बारे में बीपीएम भानेश ने बताया की अस्पताल में लिफ्ट 2019 में लगा है। लिफ्ट को आपरेट करने के लिए कोई आपरेटर नहीं है। वोल्टेज आप डाउन होने की वजह से लिफ्ट में तकनीकी खराबी आई और लिफ्ट बीच रास्ते में अटक गया था। लॉक को तोड़े प्रेसर से दरवाजा को खोलकर उक्त व्यक्ति को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया है। राजस्व अमला पुलिस अमला द्वारा त्वरित कार्यवाही पर परिजनों ने सरगुजा कलेक्टर कुंदन कुमार को धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कांसाबेल में 24 घंटे दी जा रही चिकित्सा सेवाएं

## घायल युवक के स्वास्थ्य में सुधार नहीं होने की दृष्टिगत बेहतर उपचार हेतु उच्च स्वास्थ्य संस्था में किया रेफर

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी से प्राप्त जानकारी के अनुसार विकासखण्ड कांसाबेल में विगत 28 जून को बटईकेला में सड़क दुर्घटना में घायल युवक को सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कांसाबेल में भर्ती कराया गया था। जहां युवक का प्राथमिक उपचार केंद्र में उपस्थित डॉक्टर द्वारा किया गया। साथ ही बेहतर स्वास्थ्य उपचार हेतु युवक को उच्च संस्था में रेफर किया गया। जिसका रास्ते में मृत्यु हो गई। इस संबंध में मृतक के परिजन द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कांसाबेल में डॉक्टर के नहीं होने पर सुचारू रूप से इलाज नहीं होने की शिकायत की गई थी। उन्होंने बताया की सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र कांसाबेल में स्वास्थ्य सुविधाओं के सुचारू रूप से संचालन हेतु डॉक्टरों की ड्यूटी दिन तथा रात्रि में लगायी जाती है एवं घटना दिवस में भी ड्यटीरत् डॉक्टर सुनील खेस के द्वारा घायल युवक का प्राथमिक उपचार किया गया है तथा मरीज के स्वास्थ्य में सुधार नहीं होने की दृष्टिगत बेहतर उपचार हेतु उसे उच्च स्वास्थ्य संस्था में रेफर किया गया है।

# फसलों की सुरक्षा हेतु गौठानों में रोका छेका अभियान का किया जा रहा आयोजन

## पशु चिकित्सा शिविर के माध्यम से नि:शुल्क उपचार एवं दवाइयों की जा रही है वितरित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।



कलेक्टर रितेश कुमार अग्रवाल के मार्गदर्शन मे जिले में फ सलों की सुरक्षा तथा पशुओं चराई पर रोक लगाने के लिए व्यापक स्तर पर गौठानों में रोका छेका कार्यक्रम एवं पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया जा रहा है। जहां पशुओं का नि:शुल्क चिकित्सकीय सेवा देने के साथ ही उन्हें दवाइयां प्रदान की जा रही है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की मंशा अनुसार फ सलों को नुकसान से बचाने के लिए जिले में रोका छेका अभियान के तहत गौठान में पशुओं के लिए चारा, उनकी देखभाल एवं टीकाकरण की व्यवस्था की गई है। गौठान में एक साथ पशुओं को रख कर फ सलों को बचाया जा रहा है। जिसके लिए रोका छेका अभियान अंतर्गत जशपुर के लोखण्डी एवं पत्थलगांव विकासखंड के बहनाटांगर, पालीडीह, सुसडेगा गौठान सहित अन्य स्थानों में रोका छेका कार्यक्रम एवं पशु चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में ग्रामीण किसानों को रोका छका कार्यक्रम के संबंध में विस्तार से जानकारी देते हुए विभागीय योजनाओं के बारे बताया गया। साथ ही पशुओं का भी नि:शुल्क उपचार कर दवाइयां वितरित की गई।



# एक नजर

## प्रताड़ना से पत्नि ने की आत्महत्या, पति के खिलाफ जुर्म दर्ज

### 9 माह की मासूम मां के साथ जलने से मौत का शिकार बनी

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

पहली संतान के रूप में बेटी जनने पर पति द्वारा मानसिक रूप से प्रताड़ित होती रही पत्नी के आत्महत्या करने के मामले में पति के खिलाफजिले की बसना पुलिस द्वारा भारतीय दंड विधान की धारा 306 के अंतर्गत जुर्म दर्ज किया गया है। समूचा वाक्य कुछ इस तरह से है। ग्राम बंसुला निवासी खेमराज साव 29 वर्ष और हिना साव 23 वर्ष, का विवाह 24 मार्च 2019 को सामाजिक रीति रिवाज के साथ हुआ था। आगे पहली संतान के रूप में पुत्री का जन्म होने के बाद से खेमराज साव अपनी पत्नी हिना को बेटी पैदा की है कहकर लगातार प्रताड़ित करते आ रहा था। बेटी जान्हवी अभी 9 माह की हो चुकी थी। दिनांक 14 नवंबर 2020 को दिवाली त्योहार नजदीक होने से हिना ने पति खेमराज से पुत्री जान्हवी के लिए नए कपड़े लाने को बोली तो खेमराज कपड़े लाने से मना करते हुए वाद-विवाद करने के बाद घर से बाहर निकल गया। इसके बाद हिना ने खुद के ऊपर मिट्टी तेल उड़ेलकर आग लगा ली। इससे वह 90: जल गई। बच्ची भी आग की चपेट में आ गई थी। मां.बेटी दोनों को गहन उपचार के लिए रायपुर भेजा गया जहां उनकी उपचार के दौरान मौत हो गई। मामले की गहन विवेचना के बाद बसना पुलिस ने खेमराज साव को प्रताड़ना के लिए दोषी पाए जाने पर उसके खिलाफ जुर्म दर्ज कर लिया है।

## एक ने दूसरे के मकान को तीसरे को बेचा कलेक्टर से शिकायत

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

स्थानीय वार्ड क्रमांक 25 निवासी बिसेसर साहू ने जिलाधीश से की लिखित शिकायत में कहा है किए वार्ड में आबादी जमीन पर उसकी माता स्वर्गीय रमहीन बाई के नाम पर पक्का मकान निर्मित है। उक्त मकान में सुकालू राम साहू आत्मज गणेशु राम निवासरत था। उक्त सुकालू राम ने कूट रचना से उक्त मकान को केसाराम साहू पिता नरसिंह साहू निवासी ग्राम कुमारी थाना आरंग जिला रायपुर वाले को विक्रय कर दिया है जबकि उक्त मकान का समेकित कर आज पर्यंत तक रामी बाई के नाम से जमा होते आ रहा है विशेश्वर प्रसाद ने अपने आवेदन में समेकित कर दी जमा राशि से संबंधित रसीद भी संलग्न करते हुए मामले में उचित उचित जांच और कार्रवाई की मांग की है।

## महिला अत्याचार के खिलाफ भाजपा महिला मोर्चा का विरोध प्रदर्शन

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।

भारतीय जनता पार्टी महिला मोर्चा द्वारा प्रदेश सरकार की लचर व सुस्त न्याय व्यवस्था के विरूद्ध मोर्चा खोलते हुए नेहरू चौक में प्रदर्शन कर दरिंदगी की शिकार मृतात्मा को कैण्डल जलाकर श्रद्धांजलि दी और प्रदेश सरकार की महिलाओं के प्रति असंवेदनशीलता का विरोध करते हुए कहा कि प्रदेश में लगातार छेड़छाड़ व दुराचार की घटनाएं घटित हो रही है। लेकिन प्रदेश सरकार भ्रष्टाचार के कारनामों को छुपाने में व्यस्त है। आज प्रदेश की महिलाओं का घर से बाहर निकलना ही मुश्किल हो गया है। जिस तरह जांजगीर में एक 55 प्रदेश की कांग्रेस सरकार वर्षीय महिला के साथ जो दरिंदगी अपराधियों पर अंकुश लगाने में में पुलिस प्रशासन का जरा भी भय होता तो इस तरह की घटनाएं की है वह बेहद ही शर्मनाक है। सफ्ल रहती व अपराधियों के मन घटित ही नहीं होती। लड़की हूं लड़ सकती हूं का नारा देने वाली कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी अभी कहां है। दरिदंगी की शिकार हुई महिला के लिए आज उनके मुंह से दो शब्द नहीं निकले। प्रदेश के मुख्यमंत्री पत्रकारों को धमकाने में विपक्षियों को दबाने में गिरफ्तार कर जेल भिजवाने में व्यस्त हैं। इधर, छत्तीसगढ़ की बेटियों की अस्मत भगवान भरोसे है। इस दौरान प्रदीप चंद्राकर, सतपाल सिंग पाली, अमन वर्मा, दिनेश रूपरेला, जतीन रूपरेला, नंदू जलक्षत्री, पंकज चंद्राकर, अरुण साहू, गोपा मोती साहू, पार्वती साहू सुरेखा कंवर, सुधा साहू, उत्तरा प्रहरे, सुनीता साहू, सुनीता देवांगन सहित भाजपा के कार्यकर्तागण उपस्थित थे।

## मादा अजगर के साथ दस सपोलों से सनसनी

**कोरबा** । सर्वमंगला मंदिर परिसर में नौ फीट मादा अजगर के दस सपोलों के साथ बिल से बाहर आने से सनसनी फैल गई। मंदिर के पीछे उद्यान के ऊंचे जगह पर उसने रहवास स्थल बना लिया था। बिल में बरसाती पानी का भराव होने के कारण सभी एक साथ बाहर आ गए। एक साथ दस अजगरों को देख लोग भयभीत हो गए। इसकी जानकारी सर्प मित्र को दी गई जिसने रेस्क्यू कर उन्हे सुरक्षित स्थान पर छोड़ा। मानसून की शुरूआत के साथ जहरीले जीव रिहायशी इलाकों में देखे जा रहा हैं। ऐसी घटना रविवार को सर्वमंगला मंदिर परिसर में देखने को मिली। मंदिर पीछे उद्यान में नाली के पास एक टीलानुमा स्थान है।

# जनपद अध्यक्षा को धमकी भरा पत्र, पति को वनोपज संघ के चुनाव से दूर रखने की चेतावनी

## पुलिस से शिकायत, कार्रवाई और सुरक्षा की मांग

जोहार छत्तीसगढ़-महासमुंद।




जिला लघु वनोपज संघ के पूर्व अध्यक्ष हितेश चंद्राकर की धर्मपत्नी और जनपद पंचायत बागबाहरा के अध्यक्ष स्मिता चंद्राकर को धमकी भरा पत्र मिला है। चंद्राकर में इसकी सूचना पुलिस को देते हुए उचित कार्रवाई की मांग की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार कल रविवार की सुबह भानपुर स्थित उसके मकान के आंगन से लगे दरवाजे के पास एक पत्र मिलाए जिस पर लिखा हुआ है कि तुमको अगर अपने परिवार की जान प्यारी है तो अपने पति हितेश चंद्राकर को वनोपज संघ के चुनाव से अलग कर लो। अन्यथा अंजाम भुगतने के लिए तैयार रहो। तुमको भी अपना पद गंवाना पड़ेगा और तुम्हारे परिवार की जान भी खतरे में हैं। उक्त धमकी भरे पत्र को लेकर गंभीर हुई जनपद अध्यक्ष चंद्राकर ने बागबाहरा पुलिस से यथोचित कार्रवाई की मांग की है।

### वनोपज संघ की राजनीति में हितेश की दखल से तिलमिलाये विरोधी

ज्ञातव्य है कि जनपद पंचायत अध्यक्षा स्मिता चंद्राकर के पति हितेश चंद्राकर पूर्व में जिला लघु वनोपज संघ महासमुंद के अध्यक्ष रह चुके हैं। हितेश चंद्राकर के बाद अध्यक्ष बनने वाले विनोद चंद्राकर का कार्यकाल भी पूरा हो चुका है अब संघ के नए संचालक मंडल और अध्यक्ष का चुनाव होना बाकी है। हितेश चंद्राकर और उसका पैनल लघु वनोपज संघ के चुनाव में पूरी तैयारी के साथ उतरने के लिए तैयार है। पिछले दिनों वनोपज संघ के चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया प्रारंभ होने के पहले ही दिन हितेश चंद्राकर अपने पूरे पैनल के साथ नामांकन दाखिले के लिए निर्वाचन कार्यालय पहुंचे थे मगर अचानक अधिकृत अधिकारी द्वारा स्वास्थ्य बिगड़ जाने की बात पर निर्वाचन कार्यक्रम संपन्न करा पाने में असमर्थता व्यक्त कर दिया गया। तबसे लघु वनोपज संघ के चुनाव की प्रक्रिया ठंडे बस्ते में चली गई है और अब हितेश चंद्राकर की धर्मपत्नी को धमकी भरा पत्र मिलने के बाद सियासी फिजा में भी हलचल मच गई है।

# एलआईसी अभिकर्ता स्व.प्रधुम्न कश्यप स्मृति में खिलाड़ियों को किया किट वितरण

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



मां महामाया नगरी रतनपुर से 10 किलोमीटर दूर खेलगांव नवागांव में एलआईसी अभिकर्ता व सामाजिक कार्यकर्ता स्व. प्रधुम्न कश्यप स्मृति में पानी टंकी खेलमैदान में खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स टी शर्ट व रनिंग किट का वितरण किया गया इस संबंध में जानकारी देते हुएओमकारा स्पोर्ट्स क्लब के कोच ओमकार जायसवाल ने बताया कि स्कूल गेम्स 2022-23 के लिए अभ्यास कर रहे खेलगांव के बालक व बालिका खिलाडीयो को उत्साहित करने के लिए एलआईसी अभिकर्ता स्वण् प्रधुम्न कश्यप स्मृति में उनके भतीजा एलआईसी अभिकर्ता अनुराग कश्यप द्वारा 20 स्पोर्ट्स टी शर्ट व रनिंग किट, कमल विमल ज्वेलर्स संचालक शिक्षक कमल सोनी द्वारा 5 स्पोर्ट्स टी शर्ट और छाया विधायक कोट विभोर सिंह द्वारा 10 स्पोर्ट्स टी शर्ट अपने अपने तरफ से दिया गया ये सभी खिलाड़ी पानी टंकी खेल मैदान खेलगांव नवागांव मे सुबह शाम 5 से 7 बजे तक प्रैक्टिस करते है इन खिलाड़ियो को प्रैक्टिस करते देख खिलाड़ियों को मोटिवेट करने के लिए अभ्यास करने वाले बालक व बालिका खिलाड़ियों को स्पोर्ट्स टी शर्ट दिया गया इन खिलाड़ियों ने ओपन व स्कूल गेम्स में राज्य व रास्ट्रीय स्तर पर पदक जीतकर गॉव का नाम रोशन किया है बालिका वर्ग में रंभा जायसवाल,रंभा श्याम,मानशी श्याम, काजल श्याम,सीता भानु,साधना श्याम,दीपाली जायसवाल,आराधना श्याम,प्रतीक्षा जायसवाल,जानवी, आकांशा, राजेश्वरी श्यामएव बालक वर्ग में अजित श्याम, ज्ञानी कैवर्त,रवीश साहू,संतीश जायसवाल,राजा श्याम, दिनेश बांड,प्रकाश पोर्ते,अरविंद श्याम,शत्रुहन श्याम, गोपी कैवर्त, समीर श्याम, कृष श्याम, विकास जायसवाल, अर्जुन,बिट्टू,योगेश नेताम,तेजेश्वर पोर्ते, शुभम पोर्ते, कौशल यादव आदि खिलाड़ियो को ड्रेस वितरण किया गया इस दौरान मुख्य अतिथि के रूप में अध्यक्ष जिला कबड्डी संघ बिलासपुर जीवन मिश्रा एलआईसी अभिकर्ता अनुराग कश्यप,मनोज कश्यप, रूप सिंह नेटी,डॉ.सूर्यप्रकाश जायसवाल,लवकुश कश्यप व खेल मैदान संरक्षक गुलाब सिंह श्याम उपस्थित थे।



# शिवनाथ नदी अमोरा घाट में बाढ़ आपदा से बचाव के लिए किया मॉकड्रिल

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।

चालू मानसून सीजन के दौरान बाढ़ आपदा प्रबंधन की टीम द्वारा आज सोमवार को कलेक्टर जितेन्द्र कुमार शुक्ला की उपस्थिति में अमोराघाट पहुंचकर शिवनाथ नदी मे माकड्रिल किया गया।



मॉकड्रिल में नगर सेना के गोताखोरों को अतिवृष्टि बाढ़ के दौरान जान-माल के सुरक्षा के लिए दक्ष किया गया। बाढ़ आपदा के दौरान होने वाली किसी भी परिस्थिति का सामना करने दल तैयार है। मॉकड्रिल के दौरान नगर सेना के जवानों द्वारा प्रत्यक्ष रुप से नदी में उतरकर डूबते हुए व्यक्ति को किस तरह बचाया जा सकता है और उसे नदी से निकालकर उसे किस प्रकार चिकित्सा सेवा प्रदान की जाती है को बताया गया। बाढ़ से बचाव के संबंध में सभी निर्देशों का पालन किया जा रहा है तथा बाढ़ की स्थिति में राहत कार्य त्वरित आरंभ करने के लिए पूरी तैयारी कर ली गई है। टीम अत्याधुनिक बाढ़ बचाव उपकरण, कटिंग टूल्स व संचार उपकरण, मेडिकल फर्स्ट रेस्पांडर किट, डीप डाइविंग सेट इनफ्लैटेबल लाइटिंग टावर आदि से लैस रहेंगे जिला प्रशासन द्वारा नगर सेना के जवानों को आपात स्थिति से निपटने के लिए मुस्तैदी से कार्य करने के निर्देश दिए गए है। टीम में कुशल गोताखोर, तैराक और मेडिकल स्टाफ मौजूद रहेंगे। जो कि बाढ़ आपदा के दौरान राहत व बचाव कार्य में लोगों को हर संभव मदद पहुंचाने में सक्षम होंगें जिले में बाढ़ आपदा से निपटने के लिए कलेक्टोरेट में कण्ट्रोल रुम भी स्थापित किया गया है जिसमें बारी-बारी से अधिकारियों कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई गई है। कलेक्टर शुक्ला के नेतृत्व मे शिवनाथ नदी मे माकड्रिल किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर डॉ अनिल बाजपेयी, अनुविभागीय अधिकारी राजस्व बेमेतरा युगल किशोर उर्वशा, बेरला संदीप ठाकुर, डिप्टी कलेक्टर विश्वास राव म्हस्के, सिविल सर्जन डॉ वन्दाना भेले, कमाण्डेंट नगर सेना वीके लकड़ा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी बेमेतरा होरी सिंह ठाकुर, तहसीलदार एवं नायब तहसीलदार सहित नगर सेना के जवान उपस्थित थे।

## एक नजर

### बेलगहना चौकी अंतर्गत ग्राम बड़े बरर की 20 वर्षीय युवती ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



बेलगहना चौकी अंतर्गत ग्राम बड़े बरर रतखण्डी निवासी ललिता ध्रुव पिता मनोहर लाल ध्रुव 20 वर्षीय युवती ने अज्ञात कारणों से कल रात बिलासपुर में किराए का मकान लिया था। और नर्स का काम करती थी अज्ञात कारणों से। कल रात को फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली जिसकी सूचना परिजनों के द्वारा सिविल लाइन थाना को दी गई। मौके पर पुलिस पहुंच कर लाश को उतार कर पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया।

### अतिवृष्टि से बाढ़ की संभावनाएं आम जन बरते सावधानी

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।



भारत सरकार, मौसम विज्ञान केन्द्र लालपुर रायपुर के द्वारा प्राप्त जानकारी अनुसार जिले में लगातार हो रही अतिवृष्टि तथा पड़ोसी राज्य तेलंगाना के भद्राचलम में गोदावरी नदी का जलस्तर खतरे के निशान पर होने से बैक वाटर से जिला सुकमा की नदी नाले उफान पर आने की प्रबल संभावनाएं हैं। आगामी 48 घण्टे में अति भारी वर्षा को देखते हुये तहसील क्षेत्रान्तर्गत चिन्हांकित किये गये जर्जर भवनों, झोपड़ियों, विद्युत पोलों, सुखे खड़े पेड़ों आदि प्रभावित होने की संभावना है। उपरोक्त दृष्टिकोण से आम नागरिकों से अपील किया जाता है, कि जर्जर भवनों, झोपड़ियों, विद्युत पोलों, सुखे खड़े पेड़ों आदि से दूर रहे। टूटे हुए बिजली के खम्भों, तारों व दूसरी नुकीली चीजों से दरवाजे खिड़कियां बंद रखे। मवेशियों व पशुओं की सुरक्षा के लिए उन्हें बांध कर न रखें। उफनती नदियों को पार न करें। किसी भी प्रकार के आपात स्थिति निर्मित होने पर जिला कार्यालय के कण्ट्रोल रूम के दूरभाष नं 07864 284012 में तथा तहसील छिन्दगढ़ क्षेत्र हेतु . 7000298003, तहसीलदार कोण्टा, 9425597806 तथा तहसीलदार सुकमा 9399903009 के मोबाईल नम्बर पर तत्काल अवगत करावें।

### जाम से राहत दिलाने की मांग

**कोरबा** । दीपका थाना चौक से हरदीबाजार तक सड़कों पर बेतरतीब खड़े रहने वाले भारी वाहनों से आवागमन में क्षेत्र के लोगों को काफी परेशानी होती है। सड़क पर वाहनों के खड़े रहने से जाम की स्थिति निर्मित होती है, जिससे राहत दिलाने की मांग पत्र लिखकर कलेक्टर से की गई है।

## सहायक शिक्षक एलबी अजय बड़ा को किया निलंबित

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुरनगर।

जिला शिक्षा अधिकारी ने फरसाबहार विकासखण्ड के शासकीय प्राथमिक शाला रेंगारमुण्डा के सहायक शिक्षक एलबी अजय बड़ा को तत्काल प्रभाव से निलंबित किया है। उन्होंने बड़ा को स्कूली समय पर बच्चों को पढ़ाने के समय सोते हुए पाये जाने की शिकायत पर यह कार्यवाही की है। उन्होंने बताया कि बीईओ फरसाबहार द्वारा प्रकरण का जांच कर प्रतिवेदन प्रस्तुत किया गया है। प्रस्तुत जांच प्रतिवेदन में संकुल शैक्षिक समन्वयक लवाकेरा एवं प्रधान पाठक शासकीय प्राथमिक शाला रेंगारमुण्डा के बयान के आधार पर संबंधित द्वारा उक्त कृत्य किया जाना प्रथम दृष्ट्या सही पाया गया है। संबंधित शिक्षक का उक्त कृत्य छत्तीसगढ़ सिविल सेवा आचरण नियम के विपरीत है। जो कदाचरण की श्रेणी में आता है। इस हेतु सहायक शिक्षक एलबी अजय बड़ा, को छत्तीसगढ़ सिविल सेवा वर्गीकरण, नियंत्रण तथा अपील नियम के तहत तत्काल प्रभाव से निलंबित किया गया है। निलंबन अवधि में इनका मुख्यालय विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी कार्यालय नियत किया गया है। निलंबन अवधि में नियमानुसार जीवन निर्वाह भत्ते की पात्रता होगी।

## भ्रष्टाचार कतयी बर्दास्त नहीं किया जाएगा-कलेक्टर

उक्त बाते नव आगंतुक सुकमा कलेक्टर हरीश एस ने पत्रकारों से चर्चा करते हुए कही

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।




शासन के प्रमुख योजनाओं का किन्यावयन करना और उसका लाभ जनता तक पहुंचाना प्रमुख प्राथमिकता रहेगी साथ ही शिक्षा पर विशेष ध्यान होगा वही जो स्कूल भवन जर्जर अवस्था में उन्हें जल्द ठीक किया जायेग नंदरूनी क्षेत्र के गांव की सम्पर्कों का विशेष प्रथमिकता दी जाएगी। ताकि उनका सम्पर्क जिला मुख्यालय से निरतंर बना रहे ताकि शासन की योजनाएं उन तक आसानी से पहुंच सके आगे उन्होंने कहा राष्ट्रीय राजमार्ग 30 के जर्जर अवस्था पर ठेकेदारों को निर्देशित किया जहां-जहां मरम्मत की जरूरत है उसे तत्काल दुरुस्त करें जिससे आवा गवन बाधित न हो वहीं बारिश के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग का कार्य प्रराम्भ किया जाएगा। उक्त बाते सुकमा कलेक्टर हरीश एस ने पत्रकारों से चर्चा करते कहे वहीं एक सवाल के जवाब में कलेक्टर ने कहा कि भस्टाचार बर्दाश्त नहीं किया जायेगा। तथा गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं होगा। जिले में निर्माण कार्यों की महत्ता सबसे अधिक है। संरचना खड़ी होने पर ही उसमे किसी भी प्रकार की सेवा प्रदान की जा सकती है। जिले में चल रहे सभी विकास कार्य को प्राथमिकता दे, तय समय सीमा के भीतर गुणवत्ता के साथ पूर्ण करें। आज संयुक्त जिला कार्यालय के सभाकक्ष में निर्माण कार्यों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर हरिस एस ने निर्माण कार्यों की गुणवत्ता में कोई समझौता तथा कार्य में लापरवाही स्वीकार नहीं होगा।

## स्कूल निरीक्षण के दौरान कई शिक्षक नदारत, डीईओं ने जारी किया शो-नोटिस

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।





शिक्षा सत्र चालू होते ही जिले के सभी सरकारी स्कूलों में शिक्षकों की समय पर उपस्थिति सुनिश्चित करने के लिए शिक्षा विभाग ने अब कमर कस ली है। शिक्षकों को नियमित रुप से समय पर शाला आने के लिए निर्देशित किया जा रहा है। जिला शिक्षा अधिकारी अरविन्द कुमार मिश्रा द्वारा आज सोमवार 11 जुलाई 2022 को विकासखण्ड साजा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय खाती,बनरांका, ओड़िया, सैगोना पूर्व माध्यमिक शाला खाती, बनरांका, प्राथमिक शाला बनरांका, बम्हनी तथा विकासखण्ड बेमेतरा के शासकीय हाई स्कूल, जांता एवं हाई स्कूल उमरिया का निरीक्षण किया गया। शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल खाती के निरीक्षण के दौरान विद्यालय के अरुण कुमार मिश्रा व्याख्याता, खेमीन नागवंशी व्याख्याता, उत्तम दास पहरी व्याख्याता, विनोद कुमार मिश्रा व्याख्याता, संध्या मनहरे व्याख्याता, भुवनेश्वरी गायकवाड़ व्याख्याता,रंजना पटेल व्याख्याता,मनोज कुमार वर्मा व्याख्याता, लक्ष्मण प्रसाद साहू व्याख्याता एवं प्रकाश कुमार वर्मा सहायक ग्रेड-3 निर्धारित विद्यालीयन समय पर विद्यालय से अनुपस्थित पाए गए। डीईओ ने पाया कि विद्यालय का संचालन निर्धारित समय पर नहीं किया जा रहा है। शिक्षकों की उपस्थिति भी अनियमित है तथा प्रार्थना का समय निर्धारित नहीं किया गया है। विद्यालय के विद्यार्थी भी नियत समय पर विद्यालय में उपस्थित नहीं हो रहे हैं। वहीं शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला खाती में दयालू राम सेवेये शिक्षक निरीक्षण तिथि एवं एक दिन पूर्व बिना सूचना के अनुपस्थित मिलेए निरीक्षण के समय इस विद्यालय के दिनेश कुमार बारले शिक्षक,सुरेश कुमार भारती शिक्षक एवं धनराज साहू उच्च वर्ग शिक्षक अनुपस्थित पाए गए। हायर सेकण्डरी स्कूल बनरांका जहां कुल 08 शिक्षक पदस्थ हैं इनमें से निरीक्षण के दौरान खीवेन्द्र कुमार सिन्हा व्याख्याता, चित्रकेतु डहरिया व्याख्याता, रजनी महिलांगे व्याख्याता, भरत लाल साहू व्याख्याता, विष्णु दास गेण्ड्रे व्याख्याता एवं गीता दास गेण्ड्रे अनुपस्थित पाए गए। प्रात: 10.15 बजे तक शाला में प्रार्थना नहीं हुई थी जिला शिक्षा अधिकारी की उपस्थिति में प्रार्थना कराया गया। शासकीय हायर सेकण्डरी स्कूल ओड़िया में 11.05 प्रात: निरीक्षण के समय सुरेखा साहू व्याख्याता, सुखदेव गायकवाड़ व्याख्याता एवं गुलजार आलम व्याख्याता अनुपस्थित मिले। विद्यालय में शिक्षकों की उपस्थिति अनियमित पाई गई। शासकीय हाई स्कूल उमरिया में सभी शिक्षक उपस्थित मिले। सभी शिक्षक कक्षा में अध्यापन करते पाए गए। शाला परिसर स्वच्छ एवं सुव्यवस्थित पाया गया। विद्यार्थी भी कक्षा में व्यवस्थित एवं शांतिपूर्ण ढंग से कक्षा में अध्ययन करते पाए गए।

## 5-5 लाख की ईनामी हार्डकोर नक्सली दंपती ने किया आत्मसमर्पण

केकेबीएन डिवीजन कंधमाल, कालाहांडी, बौ, नयागढ़ में रहे सक्रिय



* केरलापाल एरिया कमेटी से दोनों का वर्ष 2021 में हुआ था स्थानांतरण
* पुरूष नक्सली16 वर्ष तथा महिला नक्सली 12 वर्ष से लगातार नक्सली संगठन में रहे सक्रिय

जोहार छत्तीसगढ़-सुकमा।

सुकमा, के निर्देशन में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान तथा छत्तीसगढ़ शासन की पुनर्वास नीति के प्रचार-प्रसार एवं सुकमा पुलिस द्वारा चलाये जा रहे पूना नम अभियान नई सुबह, नई शुरूवात से प्रभावित होकर नक्सलियों के अमानवीय आधारहीन विचारधारा एवं उनके शोषण, अत्याचार तथा बाहरी नक्सलियों द्वारा भेदभाव करने तथा स्थानीय आदिवासियों पर होने वाले हिंसा से तंग आकर प्रतिबंधित नक्सली संगठन के केकेबीएन डिवीजन कंधमाल, कालाहांडी, बौद्ध, नयागढ़ में कार्यरत नक्सली दंपति मडकम हिड्मा निवासी जिला बीजापुर क्षेत्र एवं कुराम हुंगी निवासी जिला बीजापुर क्षेत्र द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय में पुलिस अधीक्षक सुकमा सुनील शर्मा, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक जिला सुकमा ओम चंदेल के समक्ष बिना हथियार के आत्मसमर्पण किया गया हैं।


## आवश्यकता है

| | | पद |
|---|---|---|
| 1. समाचार रिपोर्टर | - | 3 |
| 2. कम्प्यूटर आपरेटर | - | 1 |
| 3. ऑफिस कार्य के लिए | - | 3 |

वेतन योग्यतानुसार

इच्छुक युवक/युवति अपना बायोडाटा के साथ संपर्क करें।

दैनिक जोहार छत्तीसगढ़

कार्यालय धरमजयगढ़

मो, 9479177711, 7489419194 ,7879121221


## माननीय उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति संजय अग्रवाल का बेमेतरा आगमन

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।



माननीय उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति संजय के अग्रवाल एवं बेमेतरा अधिवक्ता संघ के पूर्व सदस्य व सब रजिस्टार बलराम वर्मा का अचानक बेमेतरा प्रभास हुआ न्यायमूर्ति के बेमेतरा लगभग दोपहर पहुंचने के मात्र 15 मिनट पहले जिला अधिवक्ता संघ बेमेतरा के अध्यक्ष प्रणीश चौबे, डिकेन्द्र देवांगन,सचिव,दिनेश तिवारी लोक अभियोजक विश्वराज सिंह भुवाल;वरिष्ठ अधिवक्ता को जानकारी प्राप्त होने पर तत्काल रेस्ट हाउस जाकर अनुपम स्वागत सत्कार किये। संघ के उपस्थित अधिवक्ताओं से समस्याओं के बारे में जानने के बाद न्यायालय पहुंच कर बारी-बारी से सभी न्यायालय के अभिलेखों का निरीक्षण किये तथा अतिशीघ्र ही कार्य दिवस पर बेमेतरा आने का आश्वासन दिया व अधिवक्ता संघ के उपस्थित अधिवक्ताओं द्वारा जिला न्यायालय के लिए कोबिया स्थित प्रस्तावित भूमि पर नवीन भवन निर्माण प्रारंभ करने निवेदन किये जिस पर मा. न्यायमूर्ति संजय अग्रवाल द्वारा प्राथमिक के साथ इस ओर आवश्यक कार्यवाही करने का आश्वासन दिये है। संघ की तरफसे न्यायमूर्ति का श्रीफल एवं मेमेन्टों से स्वागत किया गया अंत में माता भद्रकाली मंदिर दर्शन कर वापस बिलासपुर प्रस्थान किये उक्त कार्यक्रम की जानकारी जिला अधिवक्ता संघ के सचिव डिकेन्द्र देवांगन अधिवक्ता द्वारा प्रदान किया गया।

अंत में माता भद्रकाली मंदिर दर्शन कर वापस बिलासपुर चले गए। मा.न्यायमूर्ति की आकस्मिक दौरा व कार्यक्रम की जानकारी पूर्व से नहीं होने के कारण इस ग्रुप में सूचना प्रेषित नहीं कर पाये ए उक्त जानकारी मणीशंकर दिवाकर अधिवक्ता प्रदेश कार्यकरिणी सदस्य ने दी।

## विद्युत दुर्घटनाओं से बचने के लिए उपभोक्ता गुणवत्तापूर्ण उपकरणों का उपयोग करें

बिजली आपूर्ति अवरुद्ध होने पर 1912 या मोर बिजली एप पर शिकायत दर्ज करावें

जोहार छत्तीसगढ़-बेमेतरा।





भीषण गर्मी, आंधी-तूफान और बारिश जैसे मौसम बिजली कर्मियों के लिए युद्ध के मैदान जैसी स्थिति उत्पन्न करना है। जरा सी गलती होने पर किसी की भी जान जा सकती है या जीवन भर के लिए दिव्यांग हो सकते हैं। ऐसी स्थिति में छत्तीसगढ़ स्टेट पॉवर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड दुर्ग क्षेत्र के मुख्य अभियंता एम जामुलकर ने उपभोक्ताओं से अपील करते हुए कहा है कि वे लाइन कर्मचारियों को उनके विद्युत सुधार कार्यों में सहयोग करें। बिजली आपूर्ति अवरुद्ध होने पर उपभोक्ता 05 से 10 मिनट रुककर बिजली कंपनी के टोल फ्री नंबर 1912, मोर बिजली एप पर या संबंधित वितरण केंद्रों/जोन के कॉल सेंटर में शिकायत दर्ज करा सकते हैं। मुख्य अभियंता जामुलकर ने कहा कि फीडर में आई खराबी या फाल्ट को ढूंढना और उसका निराकरण करना आसान नहीं होता है। भीषण गर्मी, आंधी-तूफान, बारिश और अंधेरे की परवाह न करते हुए फाल्ट खोजने की कार्यवाही में बिजली कर्मी जान झोंक देते हैं। कभी.कभी कई किलोमीटर तक फैले सभी खंभों की जांच करनी पड़ती है तो कभी.कभी गड़बड़ी कुछ खंभों के बीच ही शीघ्र मिल जाती है। विद्युत व्यवस्था के सुचारु संचालन एवं सुरक्षाात्मक दृश्टि से कार्य करने में उपभोक्ताओं का सहयोग भी आवश्यक है क्योकि विद्युत लाइनों में जरा सी भी असावधानी या छेड़खानी से बड़े.बड़े खतरे पैदा हो सकते हैं। दुर्घटनाओं को रोकने के लिए उपभोक्ताओं को भी कुछ बातें ध्यान रखना आवश्यक है.विद्युत दुर्घटनाओं से बचने के लिए घरोंध्खेतों आदि में बिजली के गुणवत्तापूर्ण उपकरणों का उपयोग करें। विद्युत लाईनों, उपकरणों/ट्रांसफार्मर आदि में खराबी आने पर अनाधिकृत रूप से उनको सुधारने का प्रयास न करें। ऐसी स्थिति में विभाग के संबंधित कर्मचारी/अधिकारी को सूचित करें। बिजली की लाईनों के नीचे और उनके समीप बिलकुल स्थायी अथवा अस्थायी निर्माण ना करें। विद्युत लाईनों से सुरक्षित दूरी बनायें रखें। यदि बिजली का तार टूटकर जमीन पर गिरा पाया जाता हैए तो उससे दूर रहे तथा अन्य व्यक्तियों को भी दूर रहने की सलाह दें। इसकी जानकारी तत्काल संबंधित लाईनमेंन/कनिष्ठ अभियंता को देकर विद्युत प्रवाह बंद करावें। नदी, नालों, तालाबों आदि में बिजली का तार टूटकर गिरा पाये जाने पर उनके अंदर न जायेंए तथा पर्याप्त दूरी बनाये रखें। इसकी सूचना संबंधित लाईन कर्मचारीध्कनिष्ठ अभियंता को तत्काल देकर विद्युत प्रवाह बंद करावें।

विद्युत लाइनों से सीधे हुकिंग कर बिजली का अनाधिकृत उपयोग न करेए यह खतरनाक हो सकता है। कपड़े सुखाने के लिए बिजली के खंभे और स्टे तार आदि का उपयोग ना करें। कपड़े सुखाने वाले तार की विद्युत उपकरणोंध्लाईनों से पर्याप्त दूरी रखें। विद्युत लाईनों से छेड़छाड़ न करें एवं कटी-फटी सर्विस लाईनों का उपयोग न करें। अस्थायी कनेक्शन हेतु कटे फटे वायर का उपयोग न करें। बाड़ीध्खेतों की बाड़/कंटीले तार आदि में विद्युत प्रवाहित न करें। बिजली के खंभों से पशुओं को ना बांधे। बच्चों को विद्युत उपकरणों/लाईनों के आसपास न खेलने दें।

जोहार छत्तीसगढ़

धरमजयगढ़, मंगलवार 12 जुलाई 2022

## रणबीर कपूर के साथ काम करेंगे कार्तिक आर्यन!



बॉलीवुड अभिनेता कार्तिक आर्यन, रणबीर कपूर के साथ काम करते नजर आ सकते हैं। बॉलीवुड में चर्चा है कि कार्तिक आर्यन जल्द ही निर्देशक संजय लीला भंसाली के साथ काम करते नजर आ सकते हैं। कार्तिक आर्यन हाल ही में संजय लीला भंसाली के ऑफिस के बाहर नजर आए थे, जिसके बाद इस बात की चर्चा है कि वह भंसाली के साथ काम कर सकते हैं। संजय लीला भंसाली इन दिनों अपने बैनर तले कई फिल्में प्लान कर रहे हैं, जिनमें से किसी एक में वह कार्तिक आर्यन को कास्ट कर सकते हैं। चर्चा है कि संजय लीला भंसाली जल्द ही रणबीर कपूर के साथ अपनी नई फिल्म 'बैजू बावरा' शुरू कर सकते हैं। इस फिल्म की प्लानिंग वह काफी लंबे समय से कर रहे थे।

## रामचरण के साथ 'आरसी15' का अनुभव काफी अनूठा: कियारा आडवाणी



हाल ही में रिलीज हुई अपनी फिल्म 'जुग जुग जीयो' और 'भूल भूलैया 2' की सफलता का लुत्फ उठा रहीं कियारा आडवाणी ने कहा कि तेलुगू अभिनेता राम चरण अभिनीत और एस. शंकर द्वारा निर्देशित उनकी पहली अखिल भारतीय परियोजना, 'आरसी15' उनके लिए काफी अनूठा अनुभव रहा है।

लुक से लेकर कहानी की दुनिया तक, यह उनके लिए एक बहुत ही अलग यात्रा थी, और वह सबसे रोमांचक हिस्सा था। कियारा ने बताया, हालांकि मुझे अभी कहानी और अपने किरदार के बारे में ज्यादा खुलासा करने की इजाजत नहीं है, लेकिन मैं कह सकती हूं कि यह पूरी तरह से एक अलग दुनिया है। हम जानते हैं कि शंकर सर प्रतिभाशाली हैं, वह किसी भी कहानी और चरित्र को बदल सकते हैं। जीवन से बड़ा है। वह एक जादूगर की तरह है और उसके साथ काम करना मेरे लिए बहुत बड़ा सबक है। उन्होंने कहा, मैं सेट पर एक स्पंज की तरह हूं, लगातार अपने आस-पास होने वाली हर चीज को देख रही हूं। हम पिछले साल नवंबर से शूटिंग कर रहे हैं और मैं जल्द ही अपने अगले शेड्यूल के लिए जाऊंगी। यह मेरी पहली अखिल भारतीय फिल्म है, मैं बहुत उत्साहित हूं।

कई पुरस्कार विजेता तमिल निर्देशक शंकर अपनी फिल्मों 'जेंटलमैन', 'जीन्स', 'इंडियन' और '2.0' के लिए जाने जाते हैं।

उदाहरण के लिए, उनकी पिछली बड़ी फिल्मों, 'कबीर सिंह' और 'शेरशाह' से लेकर, 'भूल भुलैया 2' तक, उनके द्वारा निभाए गए प्रत्येक किरदार का एक अलग रूप है। कियारा ने बताया कि, किरदार के लिए एक लुक बनाना उनके लिए बहुत महत्वपूर्ण है। कियारा ने कहा, मुझे लगता है कि लेखक और निर्देशक से आने वाली समग्र कल्पना का पहला दृश्य संदर्भ हमें चरित्र का रूप है। तो देखो मेरे लिए एक मुखौटा की तरह है जिसे मैं पहनती हूं और यह मुझे उस दुनिया में ले जाती है। फिर उसने उदाहरणों का हवाला दिया कि यह उसके लिए कैसे काम करता है।

## म्यूजिक एलबम 'सुट्टा' में नज़र आएगी अदाकारा रिया रॉय



पश्चिम बंगाल की धरती से जुड़ी अभिनेत्रियों में अपर्णा सेन, इंद्राणी मुखर्जी, सुमिता सन्याल, शर्मिला टैगोर, तनुजा, राखी, माला सिन्हा, मौसमी चटर्जी, मुममुन सेन, राइमा सेन, रानी मुखर्जी, सुष्मिता सेन और रिंकू घोष (दुर्गेशनंदिनी) जैसी कई अभिनेत्रियों ने बॉलीवुड में अपने अभिनय प्रतिभा के बदौलत बंगाल का नाम रौशन किया और सिने दर्शकों दिलोदिमाग़ में छाई रहीं। इन नामों के साथ अब एक नाम और जुड़ गया है अभिनेत्री रिया रॉय का। कोलकाता (पश्चिम बंगाल) के टालीगंज से आयी होनहार, मेहनती और आकर्षक व्यक्तित्व की धनी रिया रॉय की अदाकारी और खूबसूरती का जलवा बहुत जल्द ही मशहूर पार्श्वगायक कुमार शानू के पुत्र जान कुमार शानू के नए म्यूजिक एलबम 'सुट्टा' में देखने को मिलेगा।

यह एक पेप्पी पार्टी सांग है जो कश्मीर की अदभुत सुंदर वादियों में फिल्माया गया है। इस एल्बम से रिया रॉय बॉलीवुड का हिस्सा बनेंगी। बचपन से ही अभिनय में रुचि रखने वाली अदाकारा रिया रॉय अपने कैरियर की शुरुआत मॉडलिंग से की है साथ ही रंगमंच में भी काम किया है। कई बेहतरीन विज्ञापन फिल्मों में रिया काम कर चुकी है तथा कई ब्रांड की वह हाई पॉइंट भी रही है। कई बड़े ज्वेलर्स के विज्ञापनों में रिया की सुंदरता देखते बनती है जैसे ओरा डिमांड ज्वेलर्स आदि। कई सौंदर्य सामग्री के विज्ञापनों के साथ बड़े रिसोर्ट के विज्ञापन में भी रिया का जलवा कायम है जिसमें हाल ही में खानवेल रिसोर्ट सिलवासा का विज्ञापन उल्लेखनीय है।

## क्या है एचआईआईटी? जानिए इस एक्सरसाइज के फायदे और अन्य महत्वपूर्ण बातें



हाई इंटेंसिटी इंटरवल ट्रेनिंग (एचआईआईटी) एक प्रकार का कार्डियो वर्कआउट है, जिसे बहुत तेजी से किया जाता है। यह वर्कआउट मेटाबॉलिज्म को तेज करके कैलोरी को बर्न करने में मदद करता है, जिससे बढ़ते वजन को कम करन आसान हो जाता है। इसके अतिरिक्त, यह मांसपेशियों के मजबूत करने के साथ-साथ रक्त शर्करा और ब्लड प्रेशर के स्तर को नियंत्रित करने में भी सहायक है। आइए आज हम आपको इस वर्कआउट के बारे में विस्तार से बताते हैं।

एचआईआईटी सबसे तेज और समय प्रभावी एक्सरसाइज तकनीक है, जो आमतौर पर 10 से 30 मिनट तक की जाती है। आमतौर पर इसमें दौड़ना, रस्सी कूदना, साइकिल चलाना और अन्य एक्सरसाइज शामिल होती हैं। दरअसल, इसमें कम समय में किए जाने वाली तेज एक्सरसाइज शामिल होती हैं, जिनसे हृदय की गति होती है। अगर आप अपना वजन कम करना चाहते हैं या फिर मांसपेशियों को मजबूत और लचीला बनाना चाहते हैं तो एचआईआईटी सबसे प्रभावी वर्कआउट है। एचआईआईटी वर्कआउट को शुरू करने से पहले वार्म-अप करें। इसके बाद 10-15 मिनट तक लेग स्विंग एक्सरसाइज करें, फिर साइड लेग स्विंग करें। साइड लेग स्विंग एक्सरसाइज के एक मिनट बाद रस्सी कूदें या जंपिंग जैक एक्सरसाइज करें, फिर 10 मिनट तक स्क्वाट और दो मिनट इंचवर्म करें। ध्यान रखें कि प्रत्येक एक्सरसाइज के बीच 60 सेकंड का ब्रेक लेना जरूरी है। इस तरह से आपको वर्कआउट का भरपूर फायदा मिलेगा। एचआईआईटी वर्कआउट अधिक कैलोरी बर्न करने में मदद करता है, जिससे आपके लिए वजन को नियंत्रित रखना आसान होगा। इसके अलावा, एचआईआईटी आपके सर्कुलेटरी सिस्टम को मजबूत करके ऑक्सीजन और ब्लड सर्कुलेशन की प्रक्रिया को बेहतर करने में मदद करता है।

## एंटी-एजिंग गुणों से समृद्ध होती हैं ये पांच स्किन केयर सामग्रियां



आजकल मार्केट में कई तरह के एंटी-एजिंग स्किन केयर प्रोडक्ट्स मौजूद हैं, इसलिए अक्सर इन्हें खरीदते समय यह समझ नहीं आता कि वास्तव में किसे खरीदना सबसे सही रहेगा। हो सकता है कि आपके मन में भी यह सवाल उठता हो। चलिए फिर आज हम आपको कुछ ऐसी सामग्रियों के बारे में बताते हैं, जो एंटी-एजिंग स्किन केयर प्रोडक्ट्स में जरूर होनी चाहिए। इसलिए कोई भी एंटी-एजिंग स्किन केयर प्रोडक्ट्स खरीदने से पहले आप उसमें इन सामग्रियों को चेक करें।

ग्लाइकोलिक एसिड एंटी-एजिंग गुणों से समृद्ध होता है, जो त्वचा के कोलेजन उत्पादन को बढ़ाकर महीन रेखाओं और झुर्रियों को कम करने में मदद कर सकता है। बता दें कि कोलेजन प्राकृतिक रूप से त्वचा में मौजूद होता है, जो त्वचा को टाइट और मुलायम रखता है, लेकिन अगर किसी कारणवश इसका उत्पादन कम हो जाए तो त्वचा पर समय से पहले बढ़ती उम्र के प्रभाव उभारने लगते हैं। हायलूरोनिक एसिड पहले से ही हमारी त्वचा, आंखों और पूरे शरीर में मौजूद होता है। यह मुख्य रूप से त्वचा की मरम्मत करने, त्वचा को हाइड्रेट और मॉइश्चराइज रखने में मदद करता है।

इसके अतिरिक्त, यह बढ़ती उम्र के प्रभाव को भी दूर करने में सहायक है। इसलिए अगर आप समय से पहले उभरने वाले बढ़ती उम्र के प्रभावों को दूर करना चाहते हैं तो हायलूरोनिक एसिड से युक्त स्किन केयर प्रोडक्ट्स का इस्तेमाल जरूर करें। रेटिनॉल एक बेहतरीन स्किन केयर सामग्री है, जो समय से पहले उभरने वाले बढ़ती उम्र के प्रभावों को तेजी से दूर करने में मदद कर सकती है।

# खेल

## तीसरे टी-20 में इंग्लैंड 17 रन से जीता

### सूर्यकुमार यादव का शतक भारत के काम न आया, सीरीज 2-1 से टीम इंडिया के नाम

**सूर्यकुमार यादव के तूफानी शतक के बावजूद टीम इंडिया 3 टी-20 मैचों की सीरीज में इंग्लैंड को क्लीन स्वीप नहीं कर सकी। रविवार को नॉटिंघम में खेले गए तीसरे मैच में इंग्लैंड ने भारत को 17 रन से हरा दिया। इंग्लैंड ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 215 रन बनाए।**




जवाब में भारतीय टीम 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 198 रन ही बना सकी। सूर्यकुमार ने 55 गेंदों पर 117 रन बनाए। इसमें 14 चौके और 6 छक्के शामिल रहे। श्रेयस अय्यर (28) को छोड़कर कोई भी अन्य बल्लेबाज सूर्यकुमार का साथ नहीं दे सका। भारत ने पहले दो मैच जीते थे। इस तरह से सीरीज 2-1 से टीम इंडिया के नाम रही। आखिरी मुकाबले में भारत का टॉप ऑर्डर बुरी तरह फेल हो गया। ऋषभ पंत (1), विराट कोहली (11) और कप्तान रोहित शर्मा (11) सस्ते में पवेलिय लौट गए। इसके बाद सूर्यकुमार ने अकेले दम पर भारत को मैच में बनाए रखा। वे 19वें ओवर की पांचवीं गेंद पर आउट हुए। इंग्लैंड के लिए सबसे ज्यादा रन डेविड मलान ने बनाए। उन्होंने 39 गेंद में 77 रन की पारी खेली। वहीं, लियाम लिविंगस्टन का बल्ला भी जमकर बोला। उन्होंने सिर्फ 29 गेंद में 42 रन बना दिए। टीम इंडिया के लिए रवि बिश्नोई और हर्षल पटेल के खाते में 2-2 विकेट आए। मैच में भारतीय टीम ने प्लेइंग इलेवन में चार बदलाव किए थे। रवि बिश्नोई, उमरान मलिक, श्रेयस अय्यर और आवेश खान की टीम में वापसी हुई थी। वहीं, हार्दिक पंड्या, भुवनेश्वर कुमार, जसप्रीत बुमराह और युजवेंद्र चहल को आराम दिया गया था।

### उमरान ने जेसन रॉय को भेजा पवेलियन

इंग्लैंड के खिलाफ सीरीज में पहली बार खेल रहे उमरान मलिक ने जेसन रॉय को आउट किया। रॉय इस सीरीज में पूरी तरह से फ्लॉप साबित हुए। आखिरी मैच में भी वो कुछ खास कमाल नहीं कर पाए।

## भारत के पास टी20 की बेहद मजबूत टीम: जाइल्स



**लंदन।** इंग्लैंड के पूर्व स्पिनर एश्ले जाइल्स का मानना है कि भारत के पास टी20 की बेहद मजबूत टीम है जो ऊपर से नीचे तक मजबूत नजर आती है जबकि उसके वैकल्पिक खिलाड़ी भी उतने ही सक्षम हैं। भारत ने शनिवार को दूसरे टी20 अंतरराष्ट्रीय में मेजबान इंग्लैंड को 49 रन से हराकर तीन मैच की श्रृंखला में 2-0 की विजयी बढ़त बनाई।

जाइल्स ने कहा, भारत के पास बेहद मजबूत टी20 टीम उपलब्ध है। भारत ने पहला टी20 अंतरराष्ट्रीय भी 50 रन से जीता था जबकि उस मैच में विराट कोहली, जसप्रीत बुमराह और ऋषभ पंत टीम का हिस्सा नहीं थे। जाइल्स ने कहा, भारतीय टीम ऊपर से नीचे तक काफी मजबूत नजर आती है। अगर आप पहले टी20 अंतरराष्ट्रीय से दूसरे मैच में हुए बदलाव को देखो। आप उस टीम को भी खिला सकते थे और नतीजा समान होता।उन्होंने कहा, उनका गेंदबाजी आक्रमण देखिए, यह काफी मजबूत है।

## एक नजर

### महिला यूरोपीय चैंपियनशिप

## स्वीडन ने नीदरलैंड को बराबरी पर रोका

**शेफील्ड।** गत चैंपियन नीदरलैंड को महिला यूरोपीय फुटबॉल चैंपियनशिप के पहले मैच में स्वीडन ने शनिवार को 1-1 से बराबरी पर रोक दिया। स्वीडन को ग्रुप सी मुकाबले में योना एंडरसन ने बढ़त दिलाई लेकिन जिल रूर्ड ने 52वें मिनट में गोल दागकर नीदरलैंड को बराबरी दिला दी। योना का स्वीडन की ओर से 51 मैच में यह सिर्फ तीसरा गोल था। नीदरलैंड की टीम को अब बुधवार को पुर्तगाल के खिलाफ होने वाले मुकाबले में अपने प्रदर्शन में सुधार करना होगा। पुर्तगाल ने स्विट्जरलैंड के खिलाफ शुरुआती पांच मिनट में दो गोल से पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए मुकाबले को 2-2 से बराबर कराया। खिलाड़ियों की चोट भी नीदरलैंड के लिए चिंता का विषय है। शनिवार को गोलकीपर सारी वान वीनेंडाल और डिफेंडर एनीक नोवेन को चोटिल होने के कारण बाहर जाने को बाध्य होना पड़ा। नीदरलैंड और स्वीडन के बीच मुकाबले को देखने के लिए शेफील्ड यूनाईटेड के ब्रेमॉल लेन स्टेडियम में 21,342 दर्शक मौजूद थे जो मेजबान देश के नहीं खेलने पर महिला यूरोपीय चैंपियनशिप में दर्शकों की रिकॉर्ड संख्या है।



## क्वार्टरफाइनल सीट के लिये स्पेन से भिड़ेगी भारतीय महिला हॉकी टीम




**टेरासा (स्पेन)।** भारतीय महिला हॉकी टीम एफआईएच महिला हॉकी विश्व कप के पूल बी में तीसरा स्थान हासिल करने के बाद क्वार्टरफाइनल में जगह बनाने के लिये रविवार को स्पेन का सामना करेगी। गोलकीपर सविता की कप्तानी में भारत ने राउंड रॉबिन लीग में इंग्लैंड (1-1) और चीन (1-1) के साथ ड्रॉ खेले, हालांकि न्यूज़ीलैंड के खिलाफ उसे 3-4 से हार का सामना करना पड़ा। अब भारत को क्वार्टरफाइनल में पहुंचने के लिये स्पेन के टेरेसा में होने वाले क्रॉसओवर मैच में मेज़बान स्पेन पर जीत दर्ज करनी होगी। अपने अब तक के विश्व कप अभियान के बारे में सविता ने कहा, हमें पता था कि पूल मैच बेहद मुश्किल होने वाले हैं।

### रोहित शर्मा का कपिल देव को जवाब-

## बोले- उन्हें नहीं पता अंदर क्या हो रहा है, एक-दो सीरीज कोहली को खराब खिलाड़ी नहीं बनाती




भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने विराट कोहली का बचाव किया है। भारत-इंग्लैंड तीसरे टी-20 के बाद रोहित ने कहा है कि एक-दो खराब सीरीज कोहली को खराब खिलाड़ी नहीं बनाती है। हमने उनके पिछले प्रदर्शन को नजर अंदाज नहीं कर सकते हैं। पूर्व भारतीय कप्तान कपिल देव के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए रोहित ने कहा कि वे बाहर से खेल देख रहे हैं और नहीं जानते हैं कि अंदर क्या हो रहा है।

बता दें कि विराट कोहली करियर के सबसे खराब दौर में चल रहे हैं। वे लगातार रन बनाने के लिए संघर्ष कर रहे हैं। रविवार को तीसरे टी-20 मुकाबले में कोहली 6 गेंद में 11 रन बनाकर आउट हुए। हालांकि इस छोटी पारी में एक शानदार छक्का और चौका जमाया। रोहित शर्मा ने कहा कि वे बाहर से खेल देख रहे हैं और नहीं जानते हैं कि अंदर क्या हो रहा है। हमारी अपनी विचार प्रक्रिया है। हम अपनी टीम बनाते हैं और इसके पीछे काफी सोच होती है। हम लड़कों का समर्थन करते हैं और उन्हें अवसर देते हैं। ऐसे में ये बातें आपको बाहर से पता नहीं चलतीं। इसलिए बाहर जो हो रहा है, वह महत्वपूर्ण नहीं है, लेकिन भीतर जो हो रहा है, वह हमारे लिए अधिक महत्वपूर्ण है।

## टीम इंडिया की रेस्ट पॉलिसी पर भड़के वेंकटेश प्रसाद



पूर्व भारतीय गेंदबाज वेंकटेश प्रसाद ने टीम इंडिया के थिंक टैंक को आड़े हाथ लिया है। उन्होंने टीम मैनेजमेंट की रेस्ट पॉलिसी पर सवाल उठाए हैं। इस पूर्व भारतीय सिलेक्टर ने थिंक-टैंक की आलोचना करते हुए कहा कि किसी भी प्लेयर के फॉर्म में ना होने पर वे उसे ड्रॉप नहीं करते हैं बल्कि रेस्ट देते हैं। वेंकटेश प्रसाद ने कहा कि किसी खिलाड़ी को उसकी रेपुटेशन के आधार पर टीम में शामिल करना सही नहीं है। जो फॉर्म में उसे ही मौका दिया जाना चाहिए। प्रसाद ने एक सोशल पोस्ट में लिखा- एक समय ऐसा था जब आप फॉर्म में नहीं होते थे तो आपको टीम से ड्रॉप कर दिया जाता था, भले ही आप कितना भी बड़ा नाम क्यों ना हों। सौरव, सहवाग, युवराज, जहीर, भज्जी इन सबको खराब फॉर्म के आधार पर ड्रॉप किया गया था। ये खिलाड़ी डोमेस्टिक क्रिकेट में गए, वहां पर परफॉर्म किया और फिर वापसी की। हालांकि अब चीजें लगता है बदल गई हैं, जहां खराब फॉर्म में रहने वाले खिलाड़ियों को रेस्ट दिया जाता है। देश में इतना सारा टैलेंट है और आप केवल रेपुटेशन पर ही नहीं खेल सकते हैं। भारत के महान मैच विनर्स में से एक अनिल कुंबले को कई बार बाहर बैठना पड़ा था।

# पशुपालन से खुला अतिरिक्त आय का जरिया, खलबोरा के ग्रामीण आर्थिक रूप से हो रहे सशक्त

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

रायगढ़ जिले से लगभग 90 किलोमीटर की दूरी पर धरमजयगढ़ विकासखंड के ग्राम पंचायत दर्रीडीह के अंतर्गत आने वाला आदिवासी बाहुल्य वनांचल ग्राम खालबोरा कुछ समय तक इसकी पहचान केवल एक सुदूर आदिवासी ग्राम से ज्यादा नहीं थी, लेकिन आज यहां शासन की विभिन्न योजनाओं का संयुक्त संचालन के माध्यम से यहां संवर्धन की दिशा में कार्य किया जा रहा है। जिससे लोगों को अतिरिक्त आय का जरिया मिला है और उनके जीवन स्तर में सकारात्मक बदलाव देखने को



मिल रहा है। ग्राम में परंपरागत पशुपालन से दूर होते लोगों को केवल अतिरिक्त आय के रूप में मजदूरी ही मिल पाती थी। लेकिन आज इस गांव की तस्वीर कुछ और देखने को मिल रही है। पशुपालन विभाग द्वारा गौ पालन के लिए शेड निर्माण कर तकरीबन 7 ग्रामीणों को दूध उत्पादन के लिए उन्नत नस्ल की गाय प्रदाय की गई है। जिससे ग्रामीण दूध उत्पादन कर आज खुले बाजार के साथ ग्रामीण स्तर में भी दूध ब्रिकी कर अच्छी आय प्राप्त कर रहे है। पहले सिर्फ गोबर ब्रिकी कर रहे थे, लेकिन आज उन्नत नस्ल के गाय के मिलने से गांव में दूध उत्पादन और आय संवर्धन की दिशा में अनुकूल असर दिखाई दे रहा है। जिसे



देखकर गांव के अन्य ग्रामीण भी पशुपालन के लिए प्रोत्साहित हो रहे है। गांव के बलदेव अगरिया कहते है कि पहले मजदूरी ही अतिरिक्त आय का मुख्य जरिया था। लेकिन आज शासन की योजना के माध्यम से गाय मिला है। जिसे 8 से 10 लीटर दूध रोजाना प्राप्त होता है। जिसे स्वयं के उपयोग के साथ ही स्थानीय स्तर पर ब्रिकी कर रहे है। जिससे माह में लगभग 8-9 हजार मासिक आमदनी प्राप्त हो रही है। मासिक आय बढ़ने से कृषि कार्य में भी आसानी हुई है। सविता यादव बताती है कि पहले अतिरिक्त आय के रूप में कृषि कार्य आधारित मजदूरी होती थी। आज उन्नत नस्ल की गाय मिलने से 10-12 लीटर दूध प्राप्त हो रही है, जिसे धरमजयगढ़ में बेचते है। जिससे रोजाना 400 रुपए की आमदनी हो रही है। साथ ही घी एवं दही से भी अतिरिक्त आय प्राप्त हो रही है। उन्होंने कहा कि पहले सप्ताह में कोई काम मिल जाने से थोड़ी-बहुत आमदनी होती थी लेकिन आज दूध बिक्री के माध्यम से प्रतिदिन एक निश्चित आमदनी प्राप्त हो रही है, जिससे घर चलाने और बच्चों की मांग पूरी करने में आसानी हो रही है। मंगलू यादव, रामबाई, बृजलाल, नैहरो एवं शंकर का कहना है कि प्रशासन द्वारा उन्हें गाय मिलने से उनकी आय में वृद्धि हुई है। उनके द्वारा दूध से घी, दही, पनीर जैसे खाद सामग्री बनाया जा रहा है। जिससे लाभ होने से उनके जीवन स्तर में सुधार हुआ है। आज उन्हें अतिरिक्त आय के लिए अन्य दैनिक मजदूरी जैसे कार्यों पर निर्भरता कम हुई है। जिन्हे देख गांव के अन्य ग्रामीण भी पशुपालन के लिए प्रोत्साहित हो रहे है।

# हर मंगलवार को कलेक्टर लगाएंगे जन-चौपाल

समय एवं श्रम की होगी बचत

**राजनांदगांव ।** कलेक्टर डोमन सिंह के शासन की योजनाओं के तहत जनसामान्य की समस्याओं का निराकरण करने कलेक्टोरेट सभाकक्ष में प्रत्येक मंगलवार को दोपहर 1.30 बजे से 2.30 बजे तक जन-चौपाल लेंगे। कलेक्टर सिंह के निर्देश पर विकेन्द्रीकृत रूप से जिले के सभी अनुविभाग, विकासखंड, जनपद पंचायत एवं नगर पंचायत स्तर पर ही जन-चौपाल प्रत्येक मंगलवार को लगाया जाएगा। अनुविभाग में एसडीएम, विकासखंड स्तर पर जनपद सीईओ, नगरीय निकायों में सीएमओ द्वारा दोपहर 1.30 बजे से दोपहर 2.30 बजे तक जन-चौपाल का आयोजन किया जाएगा। हितग्राही एवं जनसामान्य की समस्याओं के त्वरित निराकरण करने प्रत्येक मंगलवार को जनचौपाल आयोजित किया जाएगा। जन-चौपाल के दौरान नागरिक कलेक्टर से भेंट कर उन्हें अपनी समस्याएं बता सकते हैं। कलेक्टर ने आम नागरिकों की परेशानी को दूर करने के उद्देश्य से पहल करते हुए मंगलवार को समस्त अनुविभाग एवं विकासखंडों में भी जन-चौपाल आयोजित करने के निर्देश दिए हैं। जिससे जनसामान्य के समय एवं श्रम की बचत होगी।

# थाने पहुंच पति बोलाः वो कहती थी, तलाक दो फिर तुम्हारे सामने ही 10 लोगों से संबंध बनाऊंगी

मैंने उसे इस तरह मार डाला

**बेमेतरा ।** छत्तीसगढ़ के बेमेतरा से एक चौंकाने वाला मामला सामने आया है। यहां सुशील साहू नामक युवक ने अपनी पत्नी की हत्या कर दी और शव को फंदे से लटका दिया। इसके बाद आरोपी पति खुद थाने पहुंचा और पुलिस के सामने सरेंडर कर दिया। युवक का कहना है कि उसकी पत्नी चरित्रहीन थी, जिसके चलते उसकी हत्या कर दी।

आरोपी सुशील साहू ने बताया, उसकी पत्नी के अवैध संबंध थे। जब इसके लिए मना किया तो वह झगड़ा करती थी। कहती थी- मुझे तलाक दे दो। फिर मैं तुम्हारे



सामने ही 10 मर्दों के साथ संबंध बनाऊंगी। फिलहाल पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है और पत्नी का शव बरामद करके पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

## अवैध संबंध बनाते हुए पति ने पकड़ा था

हत्या के आरोपी सुशील साहू ने बताया, कुछ समय पहले वह अपनी पत्नी रानी के साथ पैसे कमाने लखनऊ गया था। आरोप है कि इसी दौरान उसने अपनी पत्नी को एक अन्य आदमी के साथ अवैध संबंध बनाते हुए पकड़ लिया था। इसके बाद दोनों के बीच झगड़ा हुआ और बात घरवालों तक पहुंच गई। घरवालों के समझाने पर दोनों के बीच सुलह हो गई। हालांकि, छह जुलाई की शाम वह लखनऊ से वापस बेमेतरा आ गए।

## कहती थी- 10 मर्दों के साथ सोऊंगी

बेमेतरा लौटने के बाद सुशील साहू ने वकील से राय ली। इसके बाद जब वह घर पहुंचा तो उसने अपनी पत्नी को बताया कि वह तलाक ले रहा है। इस बात पर दोनों का झगड़ा शुरू हो गया। पत्नी ने कहा कि वह तलाक दे दे। इसके बाद वह उसके सामने ही 10 मर्दों के साथ सोएगी। इस बात पर सुशील को गुस्सा आ गया और उसने गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद भी सुशील का गुस्सा शांत नहीं हुआ तो वह शव को कमरे में ले गया और साड़ी का फंदा बनाकर उसे लटका दिया।

# प्रदेश सरकार ने बेरोजगार युवाओं के साथ विश्वासघात किया- अमर अग्रवाल

बिलासपुर। कांग्रेस सरकार ने प्रदेश में बेरोजगार युवाओं के साथ विश्वासघात एवं कुठाराघात किया है इसका परिणाम प्रदेश सरकार को भुगतना पड़ेगा। उक्त बाते पूर्व मंत्री अमर अग्रवाल ने भाजपा कार्यालय करबला रोड बिलासपुर में युवा मोर्चा बिलासपुर विधानसभा क्षेत्र के 6 मंडलों की संयुक्त बैठक को संबोधित करते हुए कही।



श्री अग्रवाल ने कहा कि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में कहा था कि सरकार बनते ही सर्वप्रथम प्रदेश के बेरोजगार युवाओं को सरकारी नौकरी एवं 2500 सौ रूपए बेरोजगारी भत्त देंगे लेकिन आज तक न तो रोजगार दिया न ही बेरोजगारी भत्ता आज युवा अपने आप को ठगा सा महसूस कर रहा है। युवाओं में सरकार की इस वादाखिलाफी के कारण भारी आक्रोष है। इसलिए भारतीय जनता पार्टी युवा मोर्चा युवाओं को उनके हक की लड़ाई के लिए सामने आया है एवं युवाओं को लेकर बूथ स्तर से मंडल स्तर तक आंदोलन किया जाएगा। श्री अग्रवाल ने कहा कि प्रदेश के लगभग 20 लाख से ज्यादा बेरोजगार युवाओं का पंजीयन रोजगार कार्यालय में पंजीकृत है वहीं बिलासपुर में ही जिला रोजगार कार्यालय में एक लाख से ज्यादा बेरोजगार युवाओं के पंजीयन है अगर 2500 सौ रूपए सरकार बेरोजगारी भत्ता देती तो आज तक एक-एक बेरोजगार युवाओं को एक लाख 10 हजार रूपए मिल जाने थे जो सरकार ने बेरोजगारों का भत्ता अपने जेब में डाल लिया। युवाओं के अधिकारों का हनन किया है। इसलिए युवा मोर्चा 1 अगस्त को जिला मुख्यालय में सरकार के खिलाफ धरना प्रदर्शन करेगी एवं 9 अगस्त को रायपुर में प्रदेश स्तरीय धरना प्रदर्शन में प्रदेश भर से लगभग 1 लाख युवा धरना प्रदर्शन में शामिल होंगे। इसलिए ज्यादा से ज्यादा युवाओं को इस आंदोलन में हमे जोड़ना है।

भाजपा जिलाध्यक्ष रामदेव कुमावत ने कहा कि युवा मोर्चा द्वारा प्रदेश की कांग्रेस सरकार द्वारा प्रदेश में बेरोजगार युवाओं को नौकरी एवं 2500 सौ रूपए बेरोजगारी भत्ता देने का वादा अपने घोषणा पत्र में किया था जो आज तक नही किया। इसलिए सरकार के खिलाफ युवा मोर्चा द्वारा आयोजित 1 अगस्त को जिला मुख्यालय बिलासपुर एवं 9 अगस्त को रायपुर में आयोजित प्रदेश स्तरीय धरना प्रदर्शन में ज्यादा से ज्यादा युवाओं को शामिल होकर राज्य सरकार की नकामियों को उजागर करने का आव्हान किया।

युवा मोर्चा के जिलाध्यक्ष निखिल केशरवानी ने संबोधित करते हुए कहा कि युवा मोर्चा द्वारा प्रदेश की भूपेश सरकार के खिलाफ लगातार धरना प्रदर्शन कर सरकार को जगाने मा काम कर रही है तथा बेरोजगारों के साथ जो वादा खिलाफी कर उनके साथ मजाक किया है प्रदेश के बेरोजगार युवा सरकार से नाराज है क्योंकि कांग्रेस ने अपने घोषणा पत्र में बेरोजगार युवाओं को रोजगार देने एवं बेरोजगारी भत्ता देने का वादा किया था जो पूरा नहीं किया। इसलिए सरकार के इस रवैये को लेकर बूथ, मंडल एवं विधानसभा स्तरीय धरना प्रदर्शन कर युवाओं के साथ किए गए छलावे को जन-जन तक पहुँचाया जाएगा।

युवा मोर्चा के जिला प्रभारी दीपक सिंह ने भी युवाओं को इस विशाल धरना प्रदर्शन में ज्यादा सक्रीय रूप से शामिल होकर सफल बनाने का आव्हान करते हुए कहा कि आज युवा मोर्चा हर मुद्दे को लेकर एवं प्रदेश सरकार के आम जनमानस विरोधी निर्णय के खिलाफ धरना प्रदर्शन करते आ रही है।

इसी कड़ी में युवाओं के साथ कांग्रेस ने जो भद्दा मजाक किया है। सरकार के खिलाफ होने वाले धरना प्रदर्शन को सफल बनाना है। बैठक का संचालन विष्णु सोनी एवं आभार विवेक ताम्रकार ने किया। बैठक में केतन सिंह, सिद्धार्थ शुक्ला, अभिषेक चौबे, पंकज तिवारी, महर्षि बाजपेयी, मोनू रजक, नितिन छाबड़ा, आशीष तिवारी, मुकेश राव, वैभव गुप्ता, इंशु गुप्ता, अंकित गुप्ता, मनीष पाठक, सीटू शर्मा, किशन सोनी, अंचल दुबे, विश्वजीत ताम्रकार, दीपक यादव, प्रकाश साहू, अभिषेक तिवारी, मनीष कौशिक, गगन मिश्रा, पंकज जायसवाल, विपिन ठाकुर, अरूण लास्कर, राहुल पमनानी, शान श्रीवास्तव, गुलशन खाण्डेकर, तुषार यादव, अमर राजपूत, अभिषेक राज, साहिल कश्यप, विजय चंदेल, रवि कुमार साहू, देवेश खत्री, रोहित गेडाम, अमन ताम्रकार, अखिलेश यादव, आशीष मिश्रा, आयुष नायडू, देव यादव, राहुल महंती, अनिल उरॉव, ओम तिवारी, राजवीर पति, रणवीर पति, सचिन सोनी, आदित्य यादव, आलोक घोरे, प्रेयांस, संदीप केसरी, मोनू बाजपेयी, अमर निर्णेजक, राहुल ठाकुर, देवाशीष दत्ता, विक्रम रजक, गप्पू सोनकर, अनमोल छाबड़ा, रूपेश यादव, आयुष अरोरा, बिन्नी विधानी सहित युवा मोर्चा के पदाधिकारी व कार्यकर्ता बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

## एक नजर

### जिला अस्पताल में बेहतर साफ-सफाई के लिए हाउसकीपिंग बजट से बुलायी गई है निविदा

**गौरेला पेण्ड्रा मरवाही ।** जिला अस्पताल में बेहतर साफ-सफाई के लिए हाउसकीपिंग बजट से निविदा बुलायी गई है। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ देवेन्द्र पैकरा ने बताया कि चिकित्सालय के सभी वार्डों, लेबर रूम, ऑपरेशन थियेटर, बाथरूम एवं टॉयलेट की साफ-सफाई के लिए हाउसकीपिंग बजट से निविदा बुलाई जा रही है। इससे अस्पताल में राउंड द क्लॉक साफ-सफाई की व्यवस्था की जा सकेगी। डॉ पैकरा ने बताया कि अभी प्रशिक्षित कार्यकर्ता नहीं होने के कारण सही तरीके से साफ-सफाई नहीं हो पा रही है।निविदा की प्रक्रिया जल्द ही पूर्ण कर ली जाएगी, जिससे जिला अस्पताल में साफ सफाई में होने वाली परेशानी खत्म हो जाएगी।

### प्रेमिका को छेड़ने पर हुआ विवाद, दो को मार दिया चाकू एक की हालत गंभीर

**बिलासपुर ।** रविवार की रात सरकंडा के मुरुम खदान अटल आवास के पास एक युवक ने दोस्तों पर चाकू से हमला कर दिया। हमले में दो युवकों को चोटें आई है। इनमें एक की हालत गम्भीर बताई जा रही है। वहीं, मारपीट में हमलावर को भी चोट लगी है। लेकिन वह भागने में कामयाब हो गया। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घटना की सूचना पर पुलिस हमलावर की तलाश कर रही है। रविवार की रात सरकंडा के मुरुम खदान अटल आवास के पास पवन देवांगन और छोटू जायसवाल बैठकर आपस में बात कर रहे थे। इसी बीच वहां मोहल्ले में रहने वाला मिथलेश उर्फ मीठा भी आ गया। तीनों आपस में बात करने लगे। मिथलेश ने पवन पर अपनी गर्लफ्रैंड को छेड़ने का आरोप लगाकर विवाद शुरू कर दिया। इसका विरोध करने पर वह भागकर अपने घर की ओर गया। वहां से चाकू लाकर उसने पवन पर ताबड़तोड़ वार किया। हमले में पवन के पेट और पसली में चोटे आई है।

वहीं, बीच बचाव कर रहे छोटू के हाथ में चाकू से चोटें आई है। मारपीट के बीच हमलावर मिथलेश भी घायल हो गया। इधर शोरगुल सुनकर मोहल्ले के लोग भी मौके पर पहुंच गए। लोगों को देखकर हमलावर वहां से भाग निकला। आसपास के लोगों ने घायलों को अस्पताल पहुंचाकर इसकी सूचना पुलिस को दी। इस पर पुलिस हमलावर की तलाश कर रही है। हमले में घायल पवन की स्थिति गम्भीर बताई जा रही है। उसका उपचार चल रहा है।

### वाजपेयी मेमोरियल मेडिकल कालेज का प्रथम बैच दीक्षांत समारोह संपन्न

**राजनांदगांव ।** भारत रत्न स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेयी मेमोरियल मेडिकल कॉलेज राजनांदगांव में प्रथम बैच (पायोनियर बैच) बैच-2014 का दीक्षांत समारोह स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव के मुख्य आतिथ्य में हुआ संपन्न। जिसमें राजनांदगांव मेंडिकल कॉलेज के प्रथम डीन तथा भूतपूर्व डीएमई डॉ. आरके सिंह विशिष्ट अतिथि थे। मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ. रेणुका गहिने एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. मिथलेश चौधरी कार्यक्रम में उपस्थिति रहे। बैच 2014 ने 2020 में इंटर्नशिप पूर्ण की थी उनका दीक्षांत समारोह 2020 में ही आयोजित होना था परंतु कोरोना महामारी के कारण आयोजन नहीं हो पाया, इसलिए दीक्षांत समारोह का आयोजन 10 जुलाई 2022 को किया गया। इस कार्यक्रम में सभी डॉक्टर्स के माता-पिता भी सम्मिलित हुए। यह क्षण उनके लिए गौरवशाली क्षण था।

स्वास्थ्य मंत्री टीएस सिंहदेव ने अमृतसर में रहने के कारण वीडियो कांफ्रेसिंग के माध्यम से सभी को संबोधित किया। उन्होंने सभी डॉक्टर्स एवं उनके माता-पिता को दीक्षांत समारोह के अवसर पर बधाई दी तथा कोरोनाकाल में सभी डॉक्टर्स के अमूल्य योगदान की सराहना की। उन्होंने कहा कि डॉक्टर समाज के लिए महत्वपूर्ण हैं। डॉक्टर पूरे समर्पण एवं निष्ठा के साथ मरीजों का इलाज करते हैं। उन्होंने भूवपूर्व डीएमई डॉ. आरके सिंह की भी प्रशंसा की और कहा कि डॉ. आरके सिंह ने राजनांदगांव मेडिकल कॉलेज के प्रथम डीन के रूप में कॉलेज को मान्यता दिलाकर बेहद कम समय में कॉलेज के विकास में अपनी महत्वपूर्ण भागीदारी दी है। उनके इस सफलतापूर्ण किए गये कार्य को देखते हुए उन्हें बाद में अंबिकापुर मेडिकल कॉलेज की जिम्मेदारी दी गई थी। जिसे भी उन्होंने अच्छे ढंग से निभाया। स्वास्थ्य मंत्री ने सभी डॉक्टर्स को उनके बेहतर भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी।

डॉ. आरके सिंह ने कार्यक्रम को कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि मेडिकल कॉलेज के प्रारंभिक वर्षों में कॉलेज तथा हॉस्पिटल का मूल भवन नहीं होने के कारण सुविधाओं के अभाव पढ़ाई की और कॉलेज में सकारात्मक वातावरण बनाया हैं और अच्छी परंपराएं प्रचलन में दी है। उन्होंने कार्यक्रम के दौरान अपने कार्यकाल तथा उनसे जुड़े किस्सों को भी याद किया तथा सभी डाक्टर्स एवं उनके माता-पिता को भी बधाई दी।

# बस्तर जिला न्यायालय परिसर में चलाया गया स्वच्छता अभियान



जगदलपुर। जिला न्यायालय परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया। इस अभियान में शामिल होकर जिला न्यायाधीश एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के अध्यक्ष आलोक कुमार, न्यायाधीशगण तथा तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारियों ने श्रमदान के माध्यम से पूरे न्यायालय परिसर की सफाई की।

जिला न्यायाधीश आलोक कुमार ने स्वच्छता अभियान के संबंध में कहा कि मनुष्य अपने दिनचर्या में अपने घर तथा अपने कार्यस्थल पर ही पूरा समय बिताता है। जिस तरह हम स्वयं को स्वच्छ रखते हैं उसी तरह हमें अपने आस-पास के स्थान एवं वातावरण को स्वच्छ बनाए रखना है स्वच्छ वातावरण से मन आनन्दित रहता है जिससे हमें पूरे दिन उर्जा प्राप्त होती है। न्यायालय परिसर के स्वच्छता अभियान के तहत पूरे न्यायालय परिसर के साथ-साथ न्यायालय भवनों के अंदर की साफ-सफाई की गई। साथ ही उपस्थित समस्त न्यायाधीशगणों एवं कर्मचारियों को निरन्तर श्रमदान कर साफ-सफाई करने के लिए प्रेरित किया गया। स्वच्छता अभियान में परिवार न्यायालय के न्यायाधीश मनीष कुमार ठाकुर, स्थायी लोक अदालत के चेयरमैन ग्रेगोरी तिर्की, प्रथम अपर जिला न्यायाधीश डी आर देवांगन, तृतीय अपर जिला न्यायाधीश निधि शर्मा तिवारी, अपर जिला न्यायाधीश जगमोहन पटेल मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट अनिल कुमार बारा, प्रथम श्रेणी न्यायिक मजिस्ट्रेट अनिता ध्रुव, सीमा कंवर, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की सचिव गीता बृज के साथ-साथ न्यायालय अधीक्षक पीके देवांगन, परिवार न्यायालय के अधीक्षक प्रखर तिवारी, न्यायालय उपाधीक्षक महेश सिन्हा सहित समस्त तृतीय एवं चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी उपस्थित थे तथा उक्त स्वच्छता अभियान में नगरपालिक निगम के कर्मचारियों द्वारा भी सहयोग प्रदान किया गया।

# बेहतर होगा कल, आज ही करें हम मिलकर पहल

पीएचसी रामभांठा में हुआ विश्व जनसंख्या दिवस का आयोजन

जोहार छत्तीसगढ़–रायगढ़।

महापौर जानकी काटजू के मुख्य आतिथ्य में आज जिला रायगढ़ के शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र रामभांठा में विश्व जनसंख्या दिवस का आयोजन किया गया। जिसमें लोगों को परिवार नियोजन की अस्थायी विधि के बारे में जानकारी व निःशुल्क सेवा प्रदाय की गई। इस मौके पर महापौर काटजू ने कहा कि विश्व जनसंख्या दिवस हर वर्ष 11 जुलाई को मनाया जाने वाला कार्यक्रम है। इसका उद्देश्य जनसंख्या संबंधित समस्याओं पर वैश्विक चेतना जागृत करना है। उन्होंने कहा कि बेहतर होगा कल, जब आज ही हम सब इसे मिलकर करेंगे पहल। उन्होंने कहा कि विश्व जनसंख्या दिवस का उद्देश्य विभिन्न जनसंख्या मुद्दों पर लोगों की जागरूकता बढ़ाना है जैसे कि परिवार नियोजन, लिंग समानता, गरीबी, मातृ स्वास्थ्य और मानव अधिकारों का महत्व



के बारे में जानकारी दी। इस अवसर पर उन्होंने योग्य दम्पत्तियों को सम्मानित कर उन्हें उपहार भेंट किए।

जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा के अंतर्गत 27 जून से 10 जूलाई तक दम्पत्ति संपर्क पखवाड़ा मनाया गया। इस दौरान मितानिनों के सहयोग से हितग्राहियों को उनके व उनके परिवार की खुशहाली बनाये रखने के लिये उन गर्भवती माताओं को पहले बच्चे के प्रथम एएनसी जांच के दौरान उसी समय से परिवार नियोजन के बारे समझाईश व जानकारी के बारे में बतायी गई।

सीएमएचओ डॉ.एस. एन.केशरी और स्त्रीरोग चिकित्सक द्वारा अवगत कराया कि मालाएन, कॉपरटी-380, अंतरा इजेक्शन, छाया, ई-पिल्स जैसे अस्थायी साधन व स्थायी साधन में एलटीटी आपरेशन पश्चात महिला मरीज को 24 घंटे के लिए भर्ती किया जाता है। एनएसव्हीटी पुरूष नसबंदी है बिना चीरा टांका के साथ किया जाता है जिसमें आपरेशन पश्चात मरीज को उसी दिन डिस्चार्ज किया जाता हैं।

एनएसव्हीटी सभी शासकीय संस्थानों में निःशुल्क प्रदाय किया जाता है। स्वास्थ्य विभाग के एएनएम, स्वास्थ्य कार्यकर्ता, मितानिन के सहयोग से आज सास बहू सम्मेलन का आयोजन कर पात्र जो अंतरा इंजेक्शन, कॉपरटी, मालाएन, छाया का उपयोग करने वाले हितग्राही को उपहार स्वरूप अस्थायी साधनों की जानकारी देते हुए प्रदाय किया गया तथा परिवार नियोजन की अस्थायी विधि के बारें में विस्तृत जानकारी स्त्रीरोग चिकित्सक डॉ.काकोली पटनायक द्वारा दी गई जिनके द्वारा जनसामान्य को परिवार नियोजन की इन विधियों के लाभ से सुरक्षित उपाय व सही जानकारी से अवगत कराया गया। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित डॉक्टरों ने बताया कि परिवार नियोजन की विधि अपनाने से हर परिवार सुखी बन सकता है और जो भी मिथ्या एवं भ्रांतियां व अफवाहें होती है उन पर ध्यान न देकर चिकित्सकीय परामर्श व सलाह लें। इस अवसर पर स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण अधिकारी डॉ.एस.एन.टोप्पो, डॉ.राजेश मिश्रा, डॉ.राकेश वर्मा, मीडिया प्रभारी उमा महंत तथा अन्य अधिकारी /कर्मचारी उपस्थित हुए।

# सुख बाई के जीवन में था दुःखों का अंधियारा, कलेक्टर की पहल से आएगी उजियारा

## जनदर्शन में अनुग्रह राशि 50 हजार रुपए सुखबाई के हाथों में देने के दिए निर्देश

जोहार छत्तीसगढ़-जाजंगीर.चांपा।

**पति के जीवित रहते सुख बाई की जिंदगी में कभी कोई कमी न थी। परिवार में खुशियां ही खुशियां थी। एक दिन कोरोना ने पति को हमेशा के लिए उससे छीन लिया। पति के मौत के बाद तो जैसे सुख बाई के जीवन में दु:खों का पहाड़ ही टूट पड़ा। पति ने अपनी मौत के एक साल पहले ही बिटिया की शादी के लिए खेत भी गिरवी रखे थे।**



### अब गिरवी रखा खेत भी उबार सकेगी और बोएगी फसल

घर में बेटे के पास भी कोई रोजगार न था। जब तक पति जीवित थे। सबको उम्मीद थी कि जीवन की हर कठिनाई दूर हो जाएगी। पति के कोरोना बीमारी में चल बसने के बाद सुखबाई के जीवन में जैसे अंधियारा ही छा गया था। आज जब सुख बाई कलेक्टर जनदर्शन में आई तो वह अपनी समस्या को भी ठीक से बता नहीं पा रही थी। ऐसे में कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने उनकी समस्या को विस्तार से जाना। समस्या का पता लगते ही कलेक्टर ने उसे सुलझाने देर नहीं की। अपनी संवेदनशीलता का परिचय देते हुए सुखबाई को तत्काल ही कोविड-19 अंतर्गत दी जाने वाली 50 हजार की राशि हाथों में दिलवाई। जनदर्शन में कलेक्टर की इस पहल से मानों सुख बाई के जीवन में छाया अंधियारा, उजियारे में तब्दील हो गया।

कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आज से कलेक्टोरेट में जनदर्शन के माध्यम से आमनागरिकों से प्रत्यक्ष मुलाकात कर उनकी समस्याओं को निराकृत करने की पहल की है। राज्य शासन के मंशानुरूप लोगों के परेशानियों को सुनकर उनकी समस्याओं को सुलझाया जा रहा है। पहले दिन आज जनदर्शन में 86 आवेदन आए।

इसी जनदर्शन में ग्राम मुरलीडीह,अकलतरा की सुख बाई गोयल भी अपनी फरियाद लेकर पहुँची। उसने बताया कि गत वर्ष कोरोना बीमारी से उनके पति मनोहर लाल का आकस्मिक निधन हो गया। वह हाजिरी मजदूरी कर घर परिवार का खर्च उठाते थे। उनके मौत के बाद जैसे.तैसे उनका बेटा घर का खर्च चला रहा है। सुखबाई ने बताया कि उन्हें पति के मौत के बाद कोरोना से मृत आश्रित परिवारों को दी जाने वाली अनुग्रह राशि 50 हजार भी प्राप्त नहीं हुई है। सुखबाई की यह व्यथा सुनते ही कलेक्टर सिन्हा अधिकारियों पर नाराज हो गए और अपनी संवेदनशीलता का परिचय देते हुए कहा कि इस वृद्ध महिला को यहां तक आने की जरूरत नहीं थी। शासन द्वारा जब राशि स्वीकृत कर भेज दी गई है तो पीड़ित और पात्र हितग्राही को देने में विलंब कैसे हो गया। कलेक्टर ने तत्काल ही अधिकारियों को निर्देशित कर सुख बाई के हाथों में राशि दिलाने में बड़ी पहल की। बेवा सुखबाई ने बताया कि उनके पति ने बेटी की शादी के समय अपनी एक एकड़ खेत 35 हजार में गिरवी रखी थी। अब अनुग्रह राशि 50 हजार की राशि मिलने पर वह कर्ज चुकाकर खेत वापस ले पाएगी। खेत वापस मिलने से फसल बोएगी और परिवार का पालन पोषण ठीक से कर पाएगी। अनुग्रह राशि के लिए भटक रही सुखबाई ने जनदर्शन में अपनी फरियाद पूरी होने पर शासन और कलेक्टर सिन्हा के प्रति आभार भी जताया।

## आदिमजाति सेवा सहकारी समिति में डिफाल्टर किसान ने न्याय को लेकर कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**गरियाबंद ।** यशवंत कुमार यादव पिता दरबन यादव ग्राम धवलपुर को आदिमजाति सेवा सहकारी समिति से किये गए डिफाल्टर से परेशान किसान के द्वारा कलेक्टर को आवेदन देते हुए न्याय कीमांग किया ।वही किसान यशवंत ने बताया कि मै एक छोटा किसान हूँ। मेरे द्वारा 2010 से आदिम जाति सेवा सहकारी समिति धवलपुर पंजीयन क्र 1660 लेन देन करते आ रहा हूँ । जो कि वर्ष 2021-22 में 30,40 किवंटल धान बेचा था मेरे नाम से कर्ज था तो तुरंत अधिकारी कर्मचारी को कर्ज राशि काटना चाहिये था लेकिन नहीं काटा गया मेरे द्वारा वर्ष 2022-23 हेतु आवेदन लिखाया गया आवेदन पास भी हुआ तो 26 अप्रेल 2022 को खाद के लिए परमिट भी काट दिया गया ।उसके बाद मेरे को पता चला की आपके द्वारा 18000 रूपये राशि भुगतान नहीं करने पर आप डिफाल्टर हो किया गया ,महोदय जी मै एक छोटा किसान हूँ । अधिकारी कर्मचारी की इस लापरवाही कि वजह से मै जबरन डिफाल्टर हुआ हूॅ । जिससे मुझे खेती किसानी करने कि लिए खाद / पैसा अभी तक नहीं मिला है ।कलेक्टर को आवेदन देते हुए इस समस्या को निवारण करते हुए अधिकारी , कर्मचारीयों के ऊपर उचित कार्यवाही कर मुझे न्याय दिलाने की कृपा करने की मांग किया गया।

## एनएमडीसी के जीएम से मिले भाजपा नेता नंदलाल मुड़ामी

**जगदलपुर।** अनुसूचित जनजाति मोर्चा के प्रदेश महामंत्री नंदलाल मुड़ामी क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों के साथ एनएमडीसी के जीएम गोविन्द राजन से मिले। इस दौरान क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं व जरुरतों के विषय में चर्चा की। मुड़ामी ने प्रमुख रूप से किरंदुल अस्पताल में ईलाज के लिये मरीजो को एम्बुलेंस की सुविधा हर गांव तक पहुंचाने की बात कही।

उन्होंने हर वर्ग व हर समाज के मरीजों को एनएमडीसी अस्पताल में मुफ्त में इलाज की सुविधा उपलब्ध कराने की बात कही। नंदलाल मुड़ामी ने एनएमडीसी से क्षेत्र के समग्र विकास के लिए विभिन्न विषयों पर चर्चा करते हुए प्रबंधन से सभी मांगों को पूर्ण करने की मांग की।





इस दौरान सोनी कश्यप सरपंच महाराहुरनार, गढ़मीरी सरपंच सोनी कोर्राम, सोमडु कोर्राम, सुमित भदौरिया, अनिल नाग, मनोज छालिवाल व्यपारी संग अध्यक्ष किरंदुल, नजमुल हल, राजूनागराज राव सहित अन्य क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

## जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाडा, नसबंदी जागरूकता के लिए सारथी रथ को किया गया रवाना

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।



जिले मे महिला नसबंदी को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 11 जुलाई से 24 जुलाई 2022 तक महिला नसबंदी पखवाड़ा कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। नसबंदी जागरूकता के लिए सारथी रथ को हरी झंडी दिखा कर रवाना किया गया। इस बार महिला नसबंदी पखवाड़ा को परिवार नियोजन को अपनाओं उपाय, लिखों तरक्की का नया अध्याय की थीम पर मनाया जा रहा है। पखवाड़े मे लाभार्थियों को महिला नसबंदी की जानकारी दी जा रही है। जिसमे महिला स्वास्थ्य कार्यकर्ता द्वारा अपने क्षेत्र के समस्त लक्ष्य दम्पत्तियों के महिलाओं से संपर्क कर व्यक्तिगत चर्चा मे नसबंदी के फायदे बताते हुए सामान्यत: फैले महिला नसबंदी से संबंधित मिथको को दूर करते हुए परामर्श प्रदान किया जायेगा। सारथी रथ रवानगी कार्यक्रम के दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बीबी बोडे, जिला स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सीके सिंह, जिला कार्यक्रम प्रबंधक डॉ. अशरफ अंसारी, प्रोग्राम मेनेजर-शहरी अशोक सिंह राठौर, जिला सलाहकार आरएमएनसीएच, डॉ. हर्षा ताम्रकार तथा अन्य अधिकारी व कर्मचारी उपस्थित रहे। सीएमएचओ डॉ. बीबी बोडे ने बताया कि अब लाभार्थीयों को महिला नसबंदी कराने के लिए दो हजार रूपये प्रोत्साहन राशि दी जायेगी। इसके साथ ही महिला नसबंदी के फायदे बताये जायेंगे। सीएमएचओ ने बताया कि जिला चिकित्सालय कोरबा, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र-कटघोरा, पताढ़ी, सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र-करतला एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र-पाली में स्त्रीरोग विशेषज्ञो द्वारा नि:शुल्क महिला नसबंदी कराने की सुविधा उपलब्ध है। उन्होंने बताया कि नसबंदी पखवाडा के दौरान लोगों को महिला नसबंदी परिवार नियोजन का एक सरल, सुरक्षित और असरदार उपाय है, के बारे में बताया जाएगा। इसके तहत् ग्राम पंचायत स्तर पर सास-बहू सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है जिसमे गर्भ निरोधक साधन जैसे अंतरा एवं छाया के बारे मे जानकारी दी जा रही है। सभी स्वास्थ्य केन्द्रों मे परिवार नियोजन के सभी सामग्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित की गई है। जिला स्वास्थ्य अधिकारी ने जनसमुदाय से कहा कि 11 जुलाई 2022 से 24 जुलाई 2022 तक अपने आस-पास के सभी दंपत्ति महिलाओं को उपरोक्त स्वास्थ्य संस्थाओं मे महिला नसबंदी कराने हेतु प्रोत्साहित करें ताकि ष्परिवार नियोजन को अपनाओ उपाय, लिखों तरक्की का नया अध्याय के थीम पर जनसंख्या स्थिरीकरण पखवाड़ा को सफल बनाया जा सके।




## एक नजर

### पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति के लिए ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

जिले में संचालित समस्त शासकीय/अशासकीय महाविद्यालय, विश्वविद्यालय, इंजीनियरिंग कालेज, मेडिकल कालेज, नर्सिंग कालेज, पालीटेक्निक एवं आईटीआई आदि के प्राचार्य/संस्था प्रमुख, छात्रवृत्ति प्रभारी एवं उनमें अध्ययनरत अनुसूचित जनजाति एवं अन्य पिछड़ा वर्ग के विद्यार्थियों जो विभाग द्वारा संचालित पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति की पात्रता रखते है, उन्हें शिक्षा सत्र 2022-23 हेतु ऑनलाईन पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति कक्षा 12 वीं से उच्चतर के पंजीयन/आवेदन, स्वीकृति एवं वितरण की कार्यवाही वेबसाइट पर ऑनलाइन की जा रही है। वर्ष 2022-23 से अनुसूचित जाति वर्ग के विद्यार्थियों को भारत सरकार, सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्रालय नई दिल्ली द्वारा दिए गए निर्देशानुसार NSP Portal-scholarships.gov.in आवेदन किया जाना है तथा इस पोर्टल में सफल पंजीयन के पश्चात आवेदन की शेष जानकारी हेतु छत्तीसगढ़ राज्य पोर्टल http://postmatric-scholarship.cg.nic.in में आवेदन करना अनिवार्य है। उक्त दोनों पोर्टल पर आवेदन नहीं करने पर छात्रवृत्ति भुगतान नहीं होगा। छात्रवृत्ति हेतु विद्यार्थियों के नवीन एवं नवीनीकरण, पंजीयन, संस्थाओं के प्रस्ताव/स्वीकृति लॉक हेतु विभाग द्वारा तिथि निर्धारित की गई है। जिसके तहत विद्यार्थी द्वारा ऑनलाईन आवेदन (नवीन एवं नवीनीकरण) हेतु 15 जुलाई, ड्रॉफ्ट प्रपोजल लॉक करने हेतु 25 जुलाई तक एवं स्वीकृति आदेश करने हेतु 10 अगस्त 2022 तक की तिथि निर्धारित की गयी है।

निर्धारित तिथियों के पश्चात शिक्षा सत्र 2022-23 की पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति हेतु ऑफलाईन अथवा ऑनलाईन किसी भी प्रकार के आवेदन स्वीकृत नहीं किये जायेंगे एवं ड्राफ्ट प्रपोजल एवं स्वीकृति लॉक करने का अवसर भी प्रदान नहीं किया जाएगा। उक्त तिथि तक कार्यवाही पूर्ण नहीं करने पर यदि संबंधित संस्थाओं के विद्यार्थी छात्रवृत्ति से वंचित रह जाते है, तो इसके लिए संस्था प्रमुख स्वत: जिम्मेदार होंगे। इस संबंध में अन्य विस्तृत जानकारी के लिए सहायक आयुक्त आदिवासी विकास कार्यालय, रायगढ़ में कार्यालयीन दिवस एवं समय पर संपर्क कर सकते है।

### जिले में 260.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

चालू वर्षा मौसम में रायगढ़ जिले में 11 जुलाई तक 260.3 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 11.8 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार अब तक जिले के रायगढ़ तहसील में 331.5 मिली मीटर, पुसौर में 371.4, खरसिया में 273.8, सारंगढ़ में 364.4, बरमकेला में 235, घरघोड़ा में 202.5, तमनार में 274.9, लैलूंगा में 233.4, धरमजयगढ़ में 169.1, सरिया 193.3 एवं छाल तहसील में 215 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### 12 जुलाई सुबह 8 बजे तक चक्रधरनगर मानवयुक्त समपार फाटक सड़क यातायात हेतु बंद रहेगा

जोहार छत्तीसगढ़-रायगढ़।

सहायक मण्डल अभियंता द.पू.म.रेलवे रायगढ़ ने जानकारी देते हुए बताया कि रायगढ़ व कोतरलिया के बीच स्थित चक्रधरनगर मानवयुक्त समपार फाटक क्रमांक-287, कि.मी.584/05-07 अप रेल लाईन में आवश्यक मरम्मत कार्य हेतु 11 जुलाई को रात 10 बजे से 12 जुलाई को प्रात: 8 बजे तक सड़क यातायात हेतु बंद रहेगा।

### वनाधिकार मान्यता पत्र के संबंध में कार्यशाला 16 को

**जगदलपुर ।** कमिश्नर श्याम धावड़े के निर्देशानुसार संभाग स्तरीय वनाधिकार मान्यता पत्र के संबंध में कार्यशाला का आयोजन जिला कार्यालय जगदलपुर के प्रेरणा सभाकक्ष में 16 जुलाई को सुबह 11 बजे से किया जाएगा।

### केन्द्रीय राज्य मंत्री बिश्वेश्वर टुडू आज लेंगें विभागीय समीक्षा बैठक

**जगदलपुर ।** केन्द्रीय राज्य मंत्री भारत सरकार जल शक्ति एवं जनजातीय कार्य मंत्रालय बिश्वेश्वर टुडू की अध्यक्षता में 12 जुलाई को सुबह 10 बजे जिला कार्यालय के आस्था सभाकक्ष में उनके मंत्रालय से संबंधित विभागों की समीक्षा बैठक लेंगे।

## कलेक्टर संजीव झा के निर्देश पर ग्राम पिपरिया में लगा नया ट्रांसफार्मर

### गांव में बिजली की शुरू हुई सुचारू आपूर्ति

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

**कलेक्टर संजीव झा के निर्देश पर विकासखण्ड पोडीउपरोडा के अंतर्गत ग्राम पिपरिया के सीपत भाटापारा में बिजली की सुचारू आपूर्ति शुरू हो गयी है। कलेक्टर झा के निर्देश पर गांव में नया ट्रांसफार्मर लगा दिया गया है।**



ग्रामवासियों ने जन चौपाल में गांव में पर्याप्त बिजली नहीं मिलने की समस्या से कलेक्टर झा को अवगत कराया था। गांव में लगे पुराने ट्रांसफ र्मर के बार-बार खराब होने से गांव में बिजली के कारण होने वाली परेशानियों को भी बताया था। कलेक्टर झा ने जन चौपाल में आये ग्रामिणों की बात सुनकर आवेदन को तत्काल संज्ञान में लेते हुए छत्तीसगढ राज्य विद्युत मण्डल के अधिकारियों को गांव में नया ट्रांसफार्मर लगाकर सुचारू विद्युत आपूर्ति सुनिश्चित करने के निर्देश दिये थे। कलेक्टर के निर्देश उपरांत पुराने ट्रांसफ र्मर को बदलकर नया ट्रांसफार्मर लगाकर विद्युत व्यवस्था बहाल कर दिया गया है। नया ट्रांसफार्मर लगने से ग्रामीणों को विद्युत आपूर्ति से संबंधित समस्याओं से निजात मिल गयी है।

## रविवार से शुरू हुआ डेंगू पर वार

### स्वास्थ्य विभाग ने शुरू किया सघन जांच और जागरूकता अभियान

जोहार छत्तीसगढ़-रायपुर।

स्वास्थ्य विभाग द्वारा मलेरिया एवं डेंगू की रोकथाम के लिए रविवार से डेंगू पर वार कार्यक्रम शुरू किया गया है। इस दौरान मच्छर जनित बीमारियों की सघन जांच एवं जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है । जागरूकता अभियान के अंतर्गत सभी घरों में रखे गमले की ट्रे, कूलर, फ्रिज, पानी की टंकी आदि को खाली कर सुखाने के पश्चात उपयोग करने की अपील की जा रही है ताकि मच्छर के अंडे और लार्वा को नष्ट किया जा सके। इसके अलावा पुराने टायर, मटके, कबाड़ आदि में बरसात का पानी एकत्र न होने दें और घर के बाहर छोटे गड्ढों में मिट्टी का भराव करने की जानकारी भी प्रसारित की जा रही है जिससे मच्छरों के प्रजनन को न्यून किया जा सके। जिले में होने वाली मौसमी बीमारियों जैसे मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया आदि के रोगियों में अमूमन मानसून में वृद्धि देखी जाती है। इस सम्बन्ध में जिला मलेरिया अधिकारी डॉ. विमल किशोर राय ने बतायारू श्रोकथाम के लिए स्वास्थ्य विभाग द्वारा जिले में विभिन्न नियंत्रण एवं रोकथाम गतिविधियों के साथ.साथ मच्छरों के प्रजनन स्थल को समाप्त करने के लिए आमजन में जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। डेंगू को लेकर सजगता बहुत जरूरी है। साफ पानी में ही डेंगू का मच्छर पनपता है। हमें डेंगू को पनपने नहीं देना है। इसके लिए अपने घर और घर के आस पास पानी इकट्ठा न होने दें। हर सप्ताह रविवार डेंगू पर वार के लिए समय निकालें और डेंगू पर वार करें। इस प्रकार के अभियान के लिये जनता का योगदान बहुत जरूरी है। आगे उन्होंने कहा आज संतराम वार्ड क्रमांक 25 के रामनगर भरत नगर और छोटा रामनगर क्षेत्र के घरों का भ्रमण टीम द्वारा किया गया। टीम द्वारा ऐसे कूलर खाली करवाए गए जिनमें पानी भरा हुआ था और वह इस्तेमाल नहीं किए जा रहे थे। पानी की टंकियों में लार्वा की जांच की गई। गमलों को खाली करवाया गया जिनमें अतिरिक्त पानी भरा हुआ था। टीम ने भ्रमण के दौरान बुखार वाले मरीजों को भी चिन्हित कर नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र में संदर्भित किया और नियमित उपचार भी सुनिश्चित किया। मलेरिया टीम में कुमार सिंह वीबीडी सलाहकार, सतीश देवांगन लैब टेक्नीशियन, रेवानंद साहू मलेरिया टेक्निकल सुपरवाइजर, कपिल नारायण रजक फ ील्ड वर्कर, शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रामनगर की आरएम, अंजली ठाकुर एएनएम अनीता वर्मा और अनीता साहू, शहरी मितानिन एवं आरोग्य समिति के सदस्य रितु देवदार, सीमा साहू, सरस्वती, माधुरी, कल्याणी, दुलारी यादव मौजूद रहे।



### क्या करें

एकत्र स्वच्छ जमा पानी को बदलें क्योंकि डेंगू का मच्छर साफ स्थिर पानी में पनपता है। बर्तन, कूलर, एसीए टायर, और फूलदान में जमा पानी को हर हफ्ते खाली करें या पानी बदल दें। जमा हुए पानी में जले मोबिल ऑयल की कुछ बूंदें डालें, जिससे पानी पर छोटी परत बन जाए। पानी की टंकी को हमेशा ढक्कन से ढक कर रखें।



# गुलाब को पेंशन के साथ मिलेगा एडमिशन, सबके लिए लाभदायक हुआ जनदर्शन

## सेना के जवान को मिला शादी का सर्टिफिकेट, सोहनदास को बैटरी चलित ट्राईसिकल

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर चांपा।

चांपा के संजय नगर में रहने दिव्यांग व अनाथ गुलाब देवांगन को समाज कल्याण विभाग से पेंशन मिलने के साथ स्कूल में भी एडमिशन मिलेगा।





कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा ने आर्थिक मदद के लिए जनदर्शन में आए दिव्यांग गुलाब को देखते ही उनका भविष्य बेहतर बनाने के लिए अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए हैं। उन्होंने समाज कल्याण अधिकारी को मौके पर बुलवाकर गुलाब को पेंशन दिलाने और स्कूल में दाखिला कराने संबंधी आवश्यक निर्देश दिए। आज से प्रारंभ हुए कलेक्टर जनदर्शन में अपनी-अपनी मांग शिकायत और समस्याओं के लेकर आए आम नागरिकों को कलेक्टर ने गंभीरता से सुना और आवेदन की गंभीरता को देखते हुए कार्यवाही भी की। कलेक्टोरेट सभाकक्ष में जनदर्शन लेते हुए कलेक्टर सिन्हा ने यहां आए सभी लोगों की समस्याओं को सुनकर आवेदन लिए और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक कार्यवाही करने के निर्देश भी दिए। जनदर्शन में दिव्यांग बालक गुलाब देवांगन के समस्या का निराकरण भी शीघ्र करने के निर्देश दिए। उन्होंने ग्राम मुड़पार निवासी सोहनदास को बैटरी चलित ट्राइसिकल देने के निर्देश दिए। जनदर्शन में अपनी मांग पूरी होने पर दिव्यांग सोहन दास ने बताया कि वह एक दुकान में काम करता है। पैर से दिव्यांग हैए इसलिए काम करने आने.जाने में असुविधा होती है। वह किसी और का सहारा लेकर सफर तय करता है। अब बैटरी चलित ट्राइसिकल मिलने से उसका कठिन सफर आसान हो जाएगा। जनदर्शन में पहुचे सेना के जवान सुरेन्द्र कुमार ने शादी के प्रमाण पत्र के लिए आवेदन दिया तो कलेक्टर ने इसे गंभीरता से लेते हुए शीघ्र ही प्रमाण पत्र बनाने के निर्देश दिए। जवान सुरेन्द्र कुमार ने कहा कि शादी का प्रमाण पत्र बनने से उसे जम्मू-काश्मीर राज्य में आसानी से विभागीय घर मिल जाएगा। जहां वह अपनी पत्नी को भी आसानी से साथ रख पाएगा। इसी तरह जनदर्शन में राजस्व सम्बंधित प्रकरण, अतिक्रमण से जुड़े मामले, नया राशन कार्ड बनाने, मिसल नक्शा सुधारने, नौकरी दिलाने,आर्थिक सहयोग के लिए सहित अन्य आवेदन प्राप्त हुए।

### विधायक का फोन जरूर उठाए-कलेक्टर

जनदर्शन में जैजैपुर विधायक केशव प्रसाद चंद्रा ने भी कलेक्टर से मुलाकात कर अपने क्षेत्र की कई समस्याओं को प्रमुखता से रखा। उन्होंने सड़क सहित लोगों की समस्याओं को रखते हुए कलेक्टर से निराकरण की मांग की। कलेक्टर ने विधायक की समस्या को गंभीरता से लेते हुए आवश्यक कार्यवाही का भरोसा दिलाया। अधिकारियों द्वारा फोन नहीं उठाने की बात संज्ञान में आने के बाद कलेक्टर ने मौके पर ही अधिकारी को फोन लगाकर निर्देशित किया कि जनप्रधिनियों का पूरा सम्मान करें, उनकी बातों को सुने और जो जनहित की समस्या है। उसका निराकरण करने के साथ उनके आने फोन को उठाए या कॉल बैक करें।

## विभागीय योजनाओं के कार्य में आवश्यक प्रगति लाएं -कलेक्टर

### कृषि और संबद्ध विभागों की समीक्षा बैठक

**जगदलपुर** । कलेक्टर चंदन कुमार ने कहा कि शासन की महत्वपूर्ण योजनाओं में आवश्यक प्रगति लाएं तथा विभागीय योजनाओं से हितग्राहियों को लाभ पहुंचाए। उक्त निर्देश जिला कार्यालय के आस्था सभाकक्ष में कृषि एवं संबद्ध विभागों की समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने दिए। उन्होंने कृषि विभाग की विभागीय योजना की समीक्षा करते हुए कहा कि धान के बदले अन्य वैकल्पिक फसलों को लेने के लिए किसानों को प्रोत्साहित करने पर जोर देने आवश्यकता है। उन्होंने कहा कि कोदो, कुटकी, रागी, मक्का, दलहन और तिलहन के फसल को प्रोत्साहित कर इसका उत्पादन और कृषि रकबा बढ़ाने के लिए विभाग के अधिकारी आवश्यक कार्यवाही करें।

कलेक्टर कुमार ने विकासखण्डवार खाद-दवाई की उपलब्धता और बीज वितरण स्थिति की समीक्षा की। उन्होंने उर्वरक भण्डारण, वितरण का सतत मॉनिटरिंग करने के निर्देश दिए। साथ ही किसान क्रेडिट कार्ड व ई-केवायसी की समीक्षा करते हुए कहा कि केसीसी हेतु तैयार लक्ष्य तथा बैंकों को प्रेषित प्रकरणों के आधार पर बैंक त्वरित कार्यवाही करना सुनिश्चित करें। इसके लिए कृषि और संबद्ध विभाग के अधिकारी लगातार कार्य करे।

## जशपुर अब अपराधपुर का शक्ल ले चुकी- गोमती साय

### सांसद गोमती साय ने पांच बेटियों के साथ एक दिन में हुए अनाचार को लेकर कानून व्यवस्था पर उठाया सवाल

जोहार छत्तीसगढ़-जशपुर।



सांसद गोमती साय ने कहा कि छत्तीसगढ़ का शांत इलाका जशपुर अब अपराधपुर बन गया है। जिस तरह से एक ही दिन में पांच बेटियों के साथ अनाचार के मामले सामने आया है यह बेहद ही दुखद व चिंता जनक है कि आखिरकार इस तरह की घटनाएं लगातार बढ़ती जा रही है और पुलिस की कार्यवाही कहीं भी न्यायसंगत नहीं दिखती है। यही कारण है कि कांसाबेल थाना क्षेत्र में सामूहिक अनाचार के एक मामले में आरोपी द्वारा दबाव डालकर पीड़िता को इस मामले में कुछ न बताने के लिए एक लाख रुपए देने की सौदे बाजी किया था और इसके एवज में दस हजार रुपए भुगतान भी कर दिया गया। इस पूरे मामले को लेकर एक इकरारनामा भी आरोपियों द्वारा तैयार किया गया है जिसमें स्थानीय स्तर पर कुछ लोगों के हस्ताक्षर है। इसके साथ ही कुनकुरी थाना क्षेत्र में एक शिक्षक द्वारा अनाचार का एक मामला सामने आया है जिसमें पीड़िता गर्भवती बताई जा रही है। इस तरह के अनाचार के तीन और मामले भी सामने आया है। जो बेहद दुखद और चिंताजनक है। तपकरा थाना क्षेत्र में एक सात वर्षीय बच्ची के साथ अनाचार का मामला सामने आया है एवं कोतबा चौकी में अनाचार का एक मामला भी सामना आया है जिसमें पीड़िता को मध्यप्रदेश में बेचने की कोशिश भी की गई है। वहीं कुनकुरी क्षेत्र अन्य मामला सामने आयी है। सांसद गोमती साय ने कहा कि जब से प्रदेश में कांग्रेस की सरकार आई है इन 37 महीनों 5153 अनाचार के मामले 15 फरवरी 2022 तक दर्ज किए गए है। जशपुर जिले में 2019 में 55ए 2020 में 54 व 2021 में 154 व जनवरी 2022 से फरवरी 2022 तक 19 मामले दर्ज किए गए है। यह बेहद ही दुखद है कि नेशनल क्राइम ब्यूरों के रिपोर्ट के मुताबिक छत्तीसगढ़, देश में बलात्कार के मामले में 6वें स्थान पर है। वहीं सामूहिक दुराचार के मामले में 12वें स्थान पर है। उन्होंने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री भूपेश बघेल को व गृह मंत्री ताम्रध्वज साहू को महिला सुरक्षा के लिए ठोस व तत्काल कदम उठाना चाहिए।

## गत वर्ष की तुलना में 6456 मीट्रिक टन अधिक हुआ जिले में खाद का भण्डारण

### खाद बीज की उपलब्धता एवं वितरण की लगातार समीक्षा कर रहे कलेक्टर

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर.चांपा।



जांजगीर चांपा कृषि प्रधान जिला है। इसी को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर तारन प्रकाश सिन्हा द्वारा जिले में खाद.बीज उपलब्धता की प्रतिदिन समीक्षा की जा रही है। कलेक्टर ने किसानों को परेशान नहीं होने की अपील करते हुए कहा है कि राज्य स्तर पर शासन द्वारा किसानों के हित में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। पिछले साल की अपेक्षा इस वर्ष 6456 मीट्रिक टन अधिक खाद का भण्डारण जिले में किया गया। किसानों को समय पर खाद मिले, इसके लिए वितरण की कार्यवाही लगातार जारी है। शीघ्र ही अतिरिक्त खाद भी आने वाली है। इससे आपूर्ति और भी आसान होगी। जिला विपणन अधिकारी द्वारा बताया गया कि इस खरीफ सीजन में खाद भंडारण 34,203 मीट्रिक टन किया जा चुका है। जबकि पूर्व वर्ष में इसी समय 27,747 मीट्रिक टन खाद का भंडारण किया गया था। इसी प्रकार इस वर्ष किसानों को वितरण 31,132 मीट्रिक टन किया जा चुका है। जबकि गत वर्ष किसानों को खाद वितरण 23,101 मीट्रिक टन ही था।

## आदिवासी समुदाय छत्तीसगढ़ प्रदेश की पहचान है, आप सभी के बीच आकर गर्व महसूस होता है-अटल श्रीवास्तव

**बिलासपुर** । ग्राम बसहा (सीपत) में आयोजित आदिवासी सम्मेलन, आयुष स्वास्थ्य मेला, सियान जीतन क्लिनिक के कार्यक्रम में शामिल होने छत्तीसगढ़ पर्यटन मण्डल अध्यक्ष अटल श्रीवास्तव पहुंचे, साथ में प्रदेश प्रवक्ता अभय नारायण राय, जिला पंचायत सभापति राहुल सोनवानी भी रहे। इस अवसर पर आदिवासी सम्मेलन एवं स्वास्थ्य मेला को संबोधित करते हुए अटल श्रीवास्तव ने कहा कि प्रदेश का गौरव है आदिवासी समाज। आपके बीच उपस्थित होकर आप सभी के जीवनशैली से बहुत कुछ सीखने को मिलता है। आदिवासी अंचल एवं वनांचल में पाई जाने वाली जड़ी बूटिया और आयुर्वेदिक पौधे औषधी का काम आता है, आयुर्वेदिक विभाग द्वारा आयोजित आयुष स्वास्थ्य मेला और सियान जतन क्लिनिक का लाभ आज ग्राम वासियों को मिला, मैं आयोजकों को बधाई देता हूँ। अटल श्रीवास्तव ने कहा कि भूपेश बघेल सरकार वनवासियों और आदिवासियों के हित में लगातार काम कर रही है। ग्राम बसहा में मैं तीसरी बार आया हूँ।

## एक नजर

### जवाहर नवोदय विद्यालय में निर्मल निकेतन स्कूल की छात्रा दीक्षिका राज हुए चयन

जोहार छत्तीसगढ़-रतनपुर।



जवाहर नवोदय विद्यालय में द्वारा घोषित परीक्षा परिणाम में निर्मल निकेतन स्कूल की छात्रा दीक्षिका राज पिता निर्मल राज का जवाहर नवोदय विद्यालय बारसूर में चयन हुआ है। सर्वश्रेष्ठ ग्रामीण प्रतिभाओं को आगे लाने भारत सरकार के मानव संसाधन विकास मंत्रालय द्वारा चलाई जा रही शिक्षण परियोजना में ग्रामीण बच्चे केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड द्वारा आयोजित चयन परीक्षा के आधार पर प्रतिस्पर्धा में हिस्सा लेते हैं। ग्राम पंचायत खैरा निवासी दीक्षिका अपने पिता निर्मल राज और माता संतोषी राज शिक्षिका एवं सेवानिवृत्त स्वास्थ्य पर्यवेक्षक अमोल सिंह की उचित मार्गदर्शन के आधार पर विद्यालय में चयनित होने तैयारी में जुटी रही।अपनी लगन,मेहनत और काबिलियत के आधार पर माता पिता के विश्वास को कायम रखते हुये चयन परीक्षा में चयनित होकर जवाहर नवोदय विद्यालय बारसूर में अपना प्रवेश सुनिश्चित किया। चयनित होने पर जिला पंचायत सदस्य आनंद सिंह मरावी, ग्राम सरपंच जेएस आर्मो, मनोज राज, शीतल राज, रवि परिहार,कृष्णा साहू,अमित आर्मो,गोलू राज,मधुसूदन राज, कौशल जगत, रुपेश आर्मो, रामपाल पोर्ते, दिलहरन राज,कमल कांत साहू,प्रकाश दास मानिकपुरी सहित समस्त ग्रामीणों ने शुभकामनाएं दिया।

### भारत सरकार के ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह का कोरबा प्रवास 13 जुलाई से

जिले में केन्द्र सरकार की योजनाओं की करेंगे समीक्षा, विकास कार्यों का भी लेंगे जायजा

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।

भारत सरकार के अंतर्गत ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज मंत्री गिरिराज सिंह 13 से 16 जुलाई तक कोरबा प्रवास पर रहेंगे। सिंह का 13 जुलाई को कोरबा आगमन होगा। केन्द्रीय मंत्री सिंह 14 जुलाई को सुबह 10 बजे भूमि संसाधन विभाग, भारत सरकार द्वारा प्लेनरी हॉल विज्ञान भवन नई दिल्ली में आयोजित नेशनल वाटर शेड कॉन्फ्रेंस में जिला पंचायत कार्यालय कोरबा से वीडियो कांफ्रेंस के माध्यम से शामिल होंगे। इसके पश्चात जिला प्रशासन के साथ समीक्षा बैठक करेंगे। साथ ही जिला पंचायत सभा कक्ष में भारत सरकार की विभिन्न योजनाओं के लाभार्थियों के साथ वार्तालाप करेंगे। सिंह रात्रि आठ बजे घंटाघर चौक में स्थानीय मीडिया चैनल के साथ साक्षात्कार कार्यक्रम में शामिल होंगे। केंद्रीय मंत्री श्री सिंह 15 जुलाई को सुबह साढ़े आठ बजे से विकास कार्य स्थलों का दौरा करेंगे। दोपहर 12 बजे रजकम्मा गांव में दौरा कर वार्तालाप में शामिल होंगे। दोपहर तीन बजे कोरकोमा गांव में दौरा कर वार्तालाप में शामिल होंगे। इसके पश्चात शाम साढ़े चार बजे प्रेस क्लब तिलक भवन में प्रेस कान्फ्रेंस कार्यक्रम में मीडिया कर्मियों से वार्ता करेंगे। 16 जुलाई को केन्द्रीय मंत्री गिरिराज सिंह रायपुर होते हुए दिल्ली के लिए प्रस्थान करेंगे।

### 8 मिलर्स से कस्टम मिलिंग की अधिक भुगतान राशि की हुई वसूली

दो मिलर्स से वसूली की कार्यवाही जारी

**रायगढ़** । 10 राईस मिलर्स को कस्टम मिलिंग का दोहरा भुगतान के संबंध में खबरे प्रकाशित हुयी थी। जिसके संबंध में जिला विपणन अधिकारी शंभू गुप्ता ने बताया कि कस्टम मिलिंग बिल का भुगतान मुख्यालय के ऑनलाईन मॉड्यूल के आधार पर ही किया जाता है। चूंकि खरीफ विपणन वर्ष 2019-20 का कस्टम मिलिंग भुगतान हेतु मुख्य बिल के उपरांत एनआईसी द्वारा पूरक बिल बनाने हेतु प्रावधान किया गया था। ऑनलाईन मॉड्यूल में कुल 127 पूरक देयक तैयार किया गया। जिसमें 10 राईस मिलर्स को कस्टम मिलिंग बिल मॉड्यूल के तकनीकी त्रुटिवश अधिक भुगतान होना पाया गया। साथ ही इस प्रकार की आधिक्य भुगतान राज्य के अन्य चार जिलों में भी पाया गया। अधिक भुगतान के संबंध में मुख्यालय को पत्र के माध्यम से अवगत कराया गया तथा सभी 10 मिलर्स को वसूली के संबंध में आदेश जारी किया गया। जिसमें से आज दिनांक तक 8 मिलर्स द्वारा चेक/आरटीजीएस के माध्यम से राशि वापस जमा कर दिया गया है। शेष दो मिलर्स द्वारा भी 2-3 कार्य दिवस में राशि जमा करने हेतु समय मांगी गयी है। उक्त सभी मिलर्स 2020-21 एवं 2021-22 में भी पंजीकृत है, जिसकी कस्टम मिलिंग की राशि भुगतान किया जाना शेष है।

## आयोग के मापदण्ड अनुरूप मशीनों का रख-रखाव करने कलेक्टर ने दिए निर्देश

### ईव्हीएम-व्हीव्हीपीएटी वेयरहाउस का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

जोहार छत्तीसगढ़-जांजगीर।

भारत निर्वाचन आयोग, नई-दिल्ली के निर्देशानुसार जिले के ईव्हीएम-व्हीव्हीपीएटी वेयरहाउस का त्रैमासिक निरीक्षण कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी तारण प्रकाश सिन्हा के द्वारा जिले के राजनीतिक दलों के पदाधिकारियों, प्रतिनिधियों की उपस्थिति में किया गया।



वर्तमान में जिले के वेयर हाउस में कुल 1375 बैलेट यूनिट, 50 कंट्रोल यूनिट एवं 2005 व्हीव्हीपीएटी मशीन सुरक्षित रखी गई है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने आयोग द्वारा निर्धारित मापदंड अनुरूप ईव्हीएम एवं व्हीव्हीपीएटी मशीन के रख-रखाव करने हेतु संबंधित कर्मचारियों को निर्देशित किया एवं सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। इस दौरान उप-जिला निर्वाचन अधिकारी निशा नेताम मडावी, जिला निर्वाचन कार्यालय से प्रदीप पाण्डेय, प्रकाश थवाईत, गिरीलाल राठौर, आकाश शर्मा, राजनीतिक दलों से आभाष बोस, प्रदीप सराफ, राधेश्याम सूर्यवंशी, हरदेव टण्डन, सत्यनारायण कमलेश, बजरंग लाल पटेल एवं पुलिस सुरक्षा बल आदि उपस्थित थे।

## ऑफिस की सीढ़ियों पर झुक गए IPS अफसर

### भोजराम पटेल ने विदाई के बाद दफ्तर को किया प्रणाम

जोहार छत्तीसगढ़-कोरबा।



### स्टाफ से बोले- कभी दुख लगा हो तो माइंड मत करना

IPS भोजराम पटेल का ट्रांसफर कर दिया गया है। वो अब महासमुंद के एसपी पद की जिम्मेदारी संभाल रहे हैं। ट्रांसफर होने के बाद उन्हें एसपी ऑफिस में विदाई दी गई। विदाई के बाद भोजराम पटेल ने अपने स्टाफ से बात की। इसके बाद जाते-जाते ?वह सीढ़ियों पर झुक गए और अपने दफ्तर को प्रणाम किया है। जाते वक्त उन्होंने अपने स्टाफ से कहा कि यदि कभी मेरे कुछ कहने की वजह से मन को दुख हुआ हो तो माइंड मत करना, अच्छे से रहना। लंबे समय तक कोरबा एसपी की जिम्मेदारी संभाल चुके भोजराम पटेल अपने यूनिक आईडियाज के लिए जाने जाते हैं। इस बीच उन्हें महासमुंद की जिम्मेदारी दे दी गई है। शनिवार को उनके विदाई के उप्लक्ष्य में कार्यक्रम रखा गया था। जहां सभी पुलिस स्टाफ मौजूद थे। उसी दौरान एक ऐसा नजारा देखने को लोगों को मिल गया। जो यह बताता है कि भोजराम पटेल अपने काम से कितना प्रेम करते हैं।

दरअसल, विदाई के बाद भोजराम सभी स्टाफ से दफ्तर के बाहर बात कर रहे थे। उन्होंने उनसे साफ कहा कि यदि कभी भी मेरी किसी से दिल दुख हो तो माइंड मत करना। इस पर एक पुलिस अधिकारी ने भी उनसे कह दिया कि कभी भी हमसे कोई भूल चूक हुई हो तो सर माफ करेंगे। इस पर भोजराम मुस्कुराने लगे और दफ्तर के सीढ़ियों के पास पहुंच गए। पहले तो उन्होंने अपना जूता उतारा। फिर सीढ़ियों पर झुककर ऑफिस को प्रणाम किया। जिसका वीडियो भी सामने आया है।

### कई योजना शुरू की, पब्लिक के बीच खुद जाते हैं

*भोजराम पटेल ने अपनी अलग तरह की कार्यशैली के लिए जाने जाते हैं। वो कोरबा में कई बार जनता के बीच जाते दिखाई दिए। तुंहर पुलिस तुंहर द्वार योजना, संगवारी पुलिस योजना जैसी तमाम योजना उन्होंने शुरू की थी। जिसके तहत पुलिसकर्मी अलग-अलग गांवों में लोगों के घर जाते थे। इसके बाद लोगों की शिकायत सुनी जाती थी। लोग भी पुलिस की इस पहल से काफी खुश हैं। कई बार तो भोजराम पटेल को लोगों के बीच बैठे देखा गया। वह सीधे जनता से जुड़कर समस्या वहां सुनते थे।*

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक नारायण बाईन, द्वारा आसमा पब्लिसर्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,जयस्तंभ चौक रायपुर से मुद्रित कर मेडरमार कालोनी, जिला-रायगढ़ (छत्तीसगढ़) से प्रकाशित।
संपादक -**नारायण बाईन,** फोन -फैक्स 07766299001, मो, 9479177711, 7489419194 Email-joharchhattisgarh@gmail.com, joharchhattisgarh@yahoo.co.in